गाजियाबाद, दिल्ली एवं नोएडा से एक साथ प्रकाशित
R.N.I.NO. UPHIN/1998/202



# हिन्द आत्मा

दैनिक
केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु स्वीकृत
प्रातः कालीन संस्करण
दिल्ली-एनसीआर, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, मेरठ, मोदीनगर, बागपत, हापुड, बुलन्दशहर, मुरादाबाद एवं लखनऊ में सर्वाधिक प्रसारित
वर्षः 27 ● अंकः 40 ● गाजियाबाद, शनिवार 10 मई, 2025 ● सम्पादक-अशोक कौशिक ● मूल्य : 1 रुपया



## पाकिस्तानी ड्रोनों का काल बना भारत का डिफेंस सिस्टम

# जैसलमेर में 9, अमृतसर में 15 ड्रोन गिराए... भारत के 26 इलाकों में पाकिस्तान का हर हमला नाकाम



**जम्मू।** सीमा पार से पाकिस्तान की ओर से एक बार फिर सीजफायर उल्लंघन की ताजा घटनाएं सामने आई हैं। शुक्रवार शाम को जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में सीमा पार से गोलाबारी की गई है। जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान की तरफ से उरी सेक्टर में भारी गोलाबारी शुरू हुई, जिससे सीमावर्ती इलाकों में दहशत का माहौल बन गया है। इसके बाद पाकिस्तान ने पुंछ और कुपवाड़ा सेक्टर में भी सीमा पार से गोलाबारी की। सीमा पार से मोर्टार दागे गए हैं। नौगाम हंदवाड़ा सेक्टर में भी पाकिस्तान की तरफ से गोलाबारी की गई।

पाकिस्तान ने शुक्रवार शाम से लेकर देर रात तक अंतरराष्ट्रीय सीमा और एलओसी के पास 26 जगहों पर ड्रोन अटैक किए। ये ड्रोन अटैक बारामुला, श्रीनगर, अवंतीपोरा, नागरोटा, जम्मू, फरीदकोट, पठानकोट, फाजिल्का, लालगढ़ जट्टा, जैसलमेर, बाड़मेर, भुज, कुआरबेट और लखी नाला में किए गए। फरीदकोट में एक सशस्त्र ड्रोन ने नागरिक क्षेत्र को टारगेट बनाया, जिससे एक स्थानीय परिवार के सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सेना ने सभी ड्रोन को मार गिराया।

पाकिस्तान सेना द्वारा पुंछ और राजौरी सेक्टरों में संघर्षविराम उल्लंघन की घटनाओं में वृद्धि के बीच भारतीय सेना प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई कर रही है। रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान सेना द्वारा नियंत्रण रेखा पर भारतीय नागरिक इलाकों को तोपखाने से निशाना बनाया जा रहा है। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए भारत के रक्षा मंत्री ने सेना को निर्देश दिया है कि वह पाकिस्तान सेना के खिलाफ कड़ी और दंडात्मक कार्रवाई करे। भारतीय सेना पूरी मुस्तैदी के साथ सीमा पर सक्रिय है और हर चुनौती का माकूल जवाब दे रही है। अमृतसर के 5 अलग-अलग इलाकों में कम से कम 15 ड्रोन देखे गए। सूत्रों का कहना है कि इनमें से ज्यादातर ड्रोन को निष्क्रिय कर दिया गया है। अमृतसर में रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। नागरिकों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। राजस्थान के जैसलमेर जिले में कुल नौ पाकिस्तानी ड्रोन मार गिराए गए हैं। बाड़मेर में कलेक्टर ने एक ड्रोन मार गिराए जाने की पुष्टि की है।

पंजाब के फिरोजपुर में पाकिस्तान की ओर से भेजे गए ड्रोन को भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने निष्क्रिय कर दिया। निष्क्रिय पाकिस्तानी ड्रोन से विस्फोटक सामग्री एक घर पर गिर गई, जिस कारण आग की लपटें उठने लगीं। घर में रहने वालों ने पानी डालकर आग को बुझा दिया। पाकिस्तान ने अवंतीपोरा वायुसेना बेस पर ड्रोन अटैक करने की कोशिश की। इसे भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही नष्ट कर दिया। पाकिस्तान ड्रोन को मार गिराने के दौरान 15-20 धमाके सुने गए। किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। इस समय देशभर में सात से अधिक संवेदनशील स्थानों पर सैन्य हलचल तेज हो गई है। सांबा, जम्मू और पठानकोट में ड्रोन गतिविधियों के साथ शेलिंग और ब्लैकआउट की खबरें हैं। उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा, उरी, नॉवगाम-हंदवाड़ा सेक्टर और पुंछ में एलओसी के पास भारी गोलाबारी जारी है। सुरक्षा बल पूरी सतर्कता के साथ हर मोर्चे पर जवाबी कार्रवाई में जुटे हुए हैं। जम्मू, सांबा और पठानकोट में भी ड्रोन देखे जाने की पुष्टि हुई है। सुरक्षा बल इन ड्रोन गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई कर इन्हें निष्क्रिय कर दिया गया। पूरे इलाके में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। पाकिस्तान की तरफ से हुए ड्रोन अटैक का वीडियो में भी सामने आया है। इसमें साफ नजर आ रहा है कि रात के अंधेरे में आसमान में एक संदिग्ध ड्रोन तेजी से उड़ता नजर आता है। सुरक्षा बलों की ओर से तुरंत जवाबी कार्रवाई की जाती है और एक इंटरसेप्टर मिसाइल हवा में छोड़ी जाती है। विस्फोट की रोशनी और हल्का धमाका दूर से साफ सुनाई देता है, जिससे ड्रोन को निष्क्रिय कर दिया जाता है। घटना के बाद पूरे इलाके में अलर्ट जारी कर दिया गया है और सेना ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। जम्मू और राजस्थान के पोखरण में संदिग्ध ड्रोन की घुसपैठ को भारतीय सुरक्षा बलों ने सफलतापूर्वक नाकाम किया। हाई अलर्ट के बीच ड्रोन को इंटरसेप्ट कर निष्क्रिय कर दिया गया, जिससे संभावित खतरे को टाल दिया गया।

## ड्रोन अटैक करो, खुद को पैसेंजर फ्लाइट्स की आड़ में बचाओ...




**नई दिल्ली।** 7 मई की रात 8:30 बजे से 8 मई रात 11:59 बजे तक पाकिस्तान के आसमान से 104 से ज्यादा यात्री विमान गुजरे। एयरफोर्स की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि भारत पर ड्रोन और मिसाइल हमला करने के बाद भी पाकिस्तान ने अपना हवाई रास्ता बंद नहीं किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने एक आम यात्री विमान को जानबूझकर ढाल की तरह इस्तेमाल किया, क्योंकि उसे पता था कि भारत की तरफ से तुरंत जवाब आ सकता है। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा कि यह स्थिति अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास उड़ान भर रहे आम नागरिक विमानों, खासकर अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए बेहद खतरनाक है। उन्होंने बताया कि भारत ने सुरक्षा कारणों से अपना एयरस्पेस पहले ही बंद कर दिया था, जिस वजह से हमारी ओर से कोई नागरिक उड़ान उस क्षेत्र में नहीं थी। फ्लाइट डेटा के विश्लेषण से पता चलता है कि जब पाकिस्तान ने हमला शुरू किया, उस समय से लेकर 8 मई की रात 12 बजे तक इस्लामाबाद, लाहौर और कराची एयरपोर्ट से कम से कम 104 निर्धारित वाणिज्यिक उड़ानों ने उड़ान भरी या लैंडिंग की। इस दौरान 8 मई पूरे दिन और रात भर भारत और पाकिस्तान दोनों ओर से ड्रोन और मिसाइल हमले चलते रहे। इस्लामाबाद एयरपोर्ट पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से करीब 133 किलोमीटर, लाहौर अंतरराष्ट्रीय सीमा से सिर्फ 17 किलोमीटर, और कराची सीमा से लगभग 173 किलोमीटर की हवाई दूरी पर स्थित है। इस दौरान इन हवाई अड्डों से उड़ान भरने या उतरने वाली कम से कम 39 उड़ानों का संचालन विदेशी एयरलाइनों जैसे एतिहाद, अमीरात, फ्लाईनास, कतर एयरवेज, एयर अरेबिया, गल्फ एयर और जजीरा ने किया। शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता ने कहा कि भारत हमले कर रहा है, जबकि पाकिस्तान ने अपना एयरस्पेस खुला रखा है।

## गृह मंत्रालय का बड़ा कदमः सभी राज्यों को भेजी स्पेशल चिट्ठी, इमरजेंसी हालात के लिए तैयार रहने का आदेश




नई दिल्ली। पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव और युद्ध जैसे हालात के बीच भारत पूरी तरह तैयार है। भारतीय सेना ने आज सुबह तड़के पाकिस्तान द्वारा भेजे गए कई ड्रोन और मिसाइलों को नष्ट कर दिया। इसके साथ ही, पाकिस्तान बॉर्डर से लगे कई चेक पोस्टों पर भीषण गोलीबारी का सिलसिला जारी है, जिसका भारतीय सेना ने माकूल जवाब दिया है। इस माहौल को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को विशेष चिट्ठी भेजी है, जिसमें उन्हें हर स्थिति के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। गृह मंत्रालय द्वारा भेजी गई चिट्ठी में कहा गया है कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों को पूरी तरह तैयार रहने की सलाह दी गई है। चिट्ठी में यह भी कहा गया है कि सभी प्रशासन को नागरिक सुरक्षा नियमों के तहत आपातकालीन शक्तियों का उपयोग करना होगा ताकि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा, मंत्रालय ने युद्ध के दौरान जरूरी सामग्री जैसे रसद आदि की खरीदारी की व्यवस्था करने का निर्देश दिया, ताकि जब जरूरत पड़े, ये सामग्रियां सभी को उपलब्ध कराई जा सकें। पाकिस्तान ने बीती रात भारत के कई शहरों पर मिसाइल, ड्रोन और फाइटर जेट से हमला किया था, लेकिन भारतीय सेना ने सभी हमलों को नाकाम कर दिया। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के तीन फाइटर जेट्स और दर्जनों मिसाइलों को आसमान में ही नष्ट कर दिया, जिससे पाकिस्तान को बड़ा झटका लगा। इसके बाद, भारतीय सेना ने भी पाकिस्तान के कई शहरों में जवाबी कार्रवाई की और वहां भारी तबाही मचाई।

## अमेरिका ने फिर जारी किया बयान, कहा- तनाव कम करें भारत-पाकिस्तान



नई दिल्ली। भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव को लेकर अमेरिका ने शुक्रवार को कहा कि दोनों देश जल्द से जल्द इसे खत्म करें। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चाहते हैं कि ये तनाव खत्म हो। दोनों ही देशों के साथ उनके अच्छे संबंध हैं। भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर कैरोलिन लेविट ने कहा कि मामले में विदेश मंत्री और अब हमारे एनएसए मार्को रुबियो भी शामिल है। राष्ट्रपति ने कहा है कि वह चाहते हैं कि यह तनाव जल्द से जल्द कम हो जाए. वह समझते हैं कि ये दोनों देश दशकों से एक-दूसरे के साथ मतभेद रखते हैं। हालांकि, उनके दोनों देशों के नेताओं के साथ अच्छे संबंध हैं। विदेश मंत्री मार्को रुबियो दोनों देशों के नेताओं के साथ लगातार संपर्क में हैं और इस संघर्ष को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं इसके अलावा प्रेस सचिव से जब ट्रंप की भारत और पाकिस्तान के नेताओं से बातचीत करने की योजना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, "अगर ऐसा होता है तो मैं आपको जरूर बताऊंगी।

## फिरोजपुर में घर पर गिरा ड्रोन, तीन जख्मी, आर्मी कैंप पर मिसाइल हमले की कोशिश नाकाम



**चंडीगढ़।** भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच शुक्रवार को पाकिस्तान ने पंजाब के कई शहरों पर ड्रोन मिसाइलों से हमला किया। कई हमलों को एंटी डिफेंस सिस्टम से नाकाम कर दिया गया। फिरोजपुर में ड्रोन से 25 धमाके हुए। फिरोजपुर के खाईफेमिकी में ड्रोन हमले से एक घर पूरी तरह तबाह हो गया। परिवार के लोग बाहर होने के कारण बचाव हो गया। हालांकि, तीन लोग जख्मी हुए हैं। बताया जा रहा है कि फिरोजपुर में तीन मिसाइलें ध्वस्त की गई हैं। फिरोजपुर के गांव खाई फेमिकी में पाकिस्तानी ड्रोन हमले से एक घर इसकी चपेट में आया है। घर पर एक साथ दो ड्रोन हमले हुए हैं। हमले में लखविंदर सिंह समेत तीन लोग गंभीर घायल हुए हैं, जिनमें एक महिला भी है। वहीं घर में आग लग गई है। आग की चपेट में घर के बाहर खड़ी गाड़ी भी आ गई। बताया जा रहा है कि ड्रोन हमले के दौरान घर की लाइट जल रही थी। घायलों को इलाज के लिए फिरोजपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घायलों की पहचान लखविंदर सिंह, सुखविंदर कौर व मोनू के तौर पर हुई है। वहीं, अमृतसर के छेहरटा इलाके में ड्रोन गिराने की सूचना है। हालांकि, प्रशासन ने इसकी पुष्टि नहीं की है। करतारपुर कॉरिडोर के पास और होशियारपुर में आर्मी कैंप के पास भी ब्लास्ट हुआ। गुरदासपुर में भी ड्रोन मिसाइल से हमला किया गया। पठानकोट एयरबेस के पास भी रात को सायरन बजते रहे। इसके अलावा फाजिल्का में भी धमाकों की सूचना है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई है। इसके अलावा बॉर्डर एरिया पठानकोट में भी सायरन बज रहे हैं।

## भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच 24 एयरपोर्ट्स अब 15 मई तक रहेंगे बंद




भारत सरकार ने भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के मद्देनजर देश के 24 एयरपोर्ट्स पर डोमेस्टिक फ्लाइट्स की आवाजाही पर लगी रोक को अब 15 मई तक बढ़ा दिया है। यह जानकारी नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शुक्रवार को दी। गुरुवार को मंत्रालय ने घोषणा की थी कि सुरक्षा कारणों से इन 24 एयरपोर्ट्स से सभी डोमेस्टिक फ्लाइट्स को अस्थायी रूप से निलंबित किया जा रहा है। इनमें सीमावर्ती और संवेदनशील क्षेत्रों के हवाई अड्डे प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसमें जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, चंडीगढ़, भुज, जामनगर, राजकोट एयरपोर्ट शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री ने स्टांप एवं निबंधन विभाग की समीक्षा बैठक में दिए महत्वपूर्ण निर्देश

# सर्किल रेट निर्धारण में विकास, शहरीकरण और आधारभूत संरचना को प्राथमिकता दी जाए: योगी

- रजिस्ट्री से पहले सभी दस्तावेजों और भू-स्वामी का अनिवार्य रूप से हो वेरिफिकेशन
- 2023-24 की तुलना में 2024-25 में स्टांप राजस्व में 11.67 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज
- रजिस्ट्री कार्यालयों के इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ किया जाए, मैनपॉवर की भी हो समुचित व्यवस्था



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को स्टांप एवं निबंधन विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि सर्किल रेट निर्धारण में समानता सुनिश्चित की जाए, विशेषकर एक जैसी परिस्थितियों वाले स्थानों पर। उन्होंने कहा कि रेट निर्धारण में विकास, शहरीकरण और आधारभूत संरचना की प्रगति को ध्यान में रखा जाए, ताकि आमजन को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने रजिस्ट्री प्रक्रिया से पहले दस्तावेजों और भूमि स्वामी के वेरिफिकेशन को अनिवार्य बताते हुए कहा कि इससे भूमि विवादों में कमी आएगी। उन्होंने रजिस्ट्री प्रक्रिया को सरल बनाने और तकनीकी माध्यमों का अधिकतम उपयोग करने पर बल दिया ताकि समय और संसाधनों की बचत हो सके। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वर्तमान में महिलाओं को 10 लाख रुपये तक की रजिस्ट्री पर एक प्रतिशत स्टांप शुल्क की छूट दी जा रही है। इसे बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये तक की रजिस्ट्री पर लागू करने पर विचार किया जाए। उन्होंने कहा कि यह कदम महिलाओं को सशक्त बनाएगा और उनकी आर्थिक भागीदारी को बढ़ावा देगा। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि वर्ष 2016-17 में कुल 11 हजार करोड़ रुपये के स्टांप विक्रय हुए थे, जबकि 2024-25 में यह आंकड़ा 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। वहीं, वर्ष 2023-24 की तुलना में 2024-25 में 11.67 प्रतिशत अधिक राजस्व की प्राप्ति हुई है। विभाग ने अब तक 45 जनपदों में सर्किल रेट का पुनरीक्षण कर लिया है जबकि शेष 30 जनपदों में यह प्रक्रिया चल रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्किल रेट का पुनरीक्षण तार्किक ढंग से किया जाए ताकि जनता को वास्तविक लाभ प्राप्त हो। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जनपदों में रजिस्ट्री कार्यालयों का आधारभूत ढांचा सुदृढ़ किया जाए, पर्याप्त स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और सभी निर्माण कार्य समयबद्ध व गुणवत्ता युक्त हों। उन्होंने रजिस्ट्री कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरों को सक्रिय रखने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी ने यह भी कहा कि पैतृक अचल संपत्ति को परिवार के सदस्यों झ जीवित व्यक्ति एवं उसके तीन पूर्ववर्ती वंशजों झ के मध्य विभाजित करने पर अधिकतम पांच हजार रुपये ही स्टांप शुल्क लिया जाए। साथ ही, रजिस्ट्रेशन फीस भी अधिकतम पांच हजार रुपये निर्धारित की जाए। उन्होंने इसे एक जनहितकारी निर्णय बताया, जिससे पारिवारिक विवादों के समाधान में मदद मिलेगी। बैठक में अधिकारियों ने अवगत कराया कि विभाग द्वारा स्टांप का ऑनलाइन सृजन, संपत्ति के भारमुक्त प्रमाण पत्र की सुविधा, कृषि बंधक विलेखों की ई-फाइलिंग, निबंधन शुल्क का ई-भुगतान, अप्रयुक्त स्टांप की ऑनलाइन वापसी, डिजिलॉकर में विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र और भारमुक्त प्रमाण पत्र जैसी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि तकनीक के प्रयोग से विभाग के सभी कार्य, जो आम जनता से जुड़े हैं, ऑनलाइन किए जाएं ताकि लोगों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

# अवैध निर्माण पर इन्दिरापुरम में गरजा प्राधिकरण का बुलडोजर, भारी विरोध भी नहीं रोक सका कार्रवाई







**हिन्द आत्मा संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उपाध्यक्ष गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के निर्देशन में एवं प्रभारी प्रवर्तन जोन 6 के नेतृत्व में 9 मई को ओम प्रकाश त्यागी, राम प्रकाश त्यागी, श्री योगेश व सुशील कुमार त्यागी द्वारा भूखण्ड संख्या-109, ज्ञानखण्ड-1, इन्दिरापुरम, गाजियाबाद पर लगभग 414.54 वर्गमीटर के भूखण्ड पर बेसमेन्ट+स्टिल्ट 4 स्वीकृत मानचित्र के विपरीत सेटबैक्स आच्छादित करते हुए बेसमेन्ट की खुदाई कर दीवारों में सरिये खड़े कर कंक्रीटिंग का कार्य किया गया था। उपरोक्त भूखण्ड के निर्माणकर्ता द्वारा किये गये अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान निर्माणकर्ता तथा जनसामान्य द्वारा भारी विरोध प्रकट किया गया, लेकिन पुलिस व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते द्वारा उन्हें नियंत्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रखी गयी तथा प्रभारी अधिकारी प्रवर्तन जोन-6 द्वारा लोगो को सख्त निर्देश दिये गये कि बिना अनुमति किये गये किसी भी निर्माण को बक्शा नही जायेगा। उपरोक्त अनाधिकृत निमार्णों के विरुद्ध सहायक अभियन्ता व अवर अभियन्ता एवं प्रवर्तन जोन 6 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पन्न की गई। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/सील की कार्यवाही किये जाने का अभियान जारी रहेगा।

## अनुमति नहीं, निर्माण नहीं: गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने गाजियाबाद के प्रमुख क्षेत्रों में अवैध निर्माण सील किए






**हिन्द आत्मा संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उपाध्यक्ष गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा दिये गये सख्त निदेर्शों के क्रम में शुक्रवार 9 मई को प्रभारी प्रवर्तन जोन-4 के नेतृत्व में निर्माणकर्ता नवीन यादव द्वारा भूखण्ड सं०-32, रेलवे रोड, बजरिया, गाजियाबाद पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराये अवैध रुप से किये जा रहे व्यवसायिक निर्माण (होटल), अहान अग्रवाल पुत्र नितिन अग्रवाल, भूखण्ड सं०-5ए, ईस्ट मॉडल टाउन गाजियाबाद के लगभग 166.985 वर्गमी० क्षेत्रफल पर स्वीकृत मानचित्र के विपरीत सैट बैंक कवर करते हुए तथा भू-उपयोग के विरुद्ध किये जा रहे व्यवसायिक निर्माण (दुकानें) तथा सुरेश चन्द अग्रवाल पुत्र स्व० श्री बाल किशन, भूखण्ड सं०-5, ईस्ट मॉडल टाउन गाजियाबाद के लगभग 178.58 वर्गमी० क्षेत्रफल पर स्वीकृत मानचित्र के विपरीत सैट बैक कवर करते हुए तथा भू-उपयोग के विरुद्ध किये जा रहे व्यवसायिक निर्माण (दुकानें) अवैध निमार्णों को प्रवर्तन जोन-4 के समस्त स्टॉफ व प्राधिकरण पुलिस बल की सहायता से सील बन्द किया गया। अवैध निमार्णों के विरुद्ध ध्वस्तीकरण/सील की कार्यवाही इसी प्रकार आगे भी जारी रहेगी।

# सीडीओ अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन एवं भारतीय प्राकृतिक खेती के विषय में बैठक आहूत

## इन सीटू योजना अन्तर्गत कृषि यन्त्रों हेतु लक्ष्य आवंटित



**हिन्द आत्मा संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में इन-सीटू, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन एवं भारतीय प्राकृतिक खेती के विषय में बैठक आयोजित की गयी। इन-सीटू योजनान्तर्गत 56 कृषि यन्त्रों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसका विकास खण्डवार समिति द्वारा लिये गए निर्णय के अनुसार लक्ष्य ऑवटित किये गए। इन-सीटू योजना में 16 सुपर सीडर के साथ-साथ 14 प्रकार के कृषि यन्त्रों का विकास खण्डवार ऑवटन किया गया। इसी तरह एस०एम०ए०एम० योजना में 161 कृषि यन्त्र वितरण के लक्ष्य प्राप्त हुए थे, जिसका विकास खण्डवार ऑवटन किया गया। यन्त्रों में 12 रोटावेटर, 05 लेजर लेण्ड लेवलर, 04 कम्बाइन हार्वेस्टर, 04 कस्टम हायरिंग सेन्टर के साथ-साथ कुल 24 प्रकार के कृषि यन्त्रों के लक्ष्य निर्धारित किये गए। नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिग योजना वर्ष 2025-26 के अनुमोदन पर विस्तृत चर्चा की गयी। जिसमें कृषि सखी, फार्मर मास्टर ट्रेनर, बी०आर०सी० (बायो इनपुट रिसोर्स सेन्टर) एवं लोकल नेचुरल फार्मिग इन्सटीयूट के चयन किया गया, जिसके उपरान्त बैठक में उपस्थित सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा योजना का अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में प्राकृतिक खेती से सम्बन्धित जिला स्तरीय निगरानी समिति एवं कृषि यन्त्रीकरण में जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति के सदस्य उप कृषि निदेशक, जिला उद्यान अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, के०वी०के० प्रभारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र के साथ-साथ अन्य सदस्य भी उपस्थित रहें।

# इनमैनटेक संस्थान में इंटीग्रेटिंग जेन ए.आई. इन टू प्रोडक्टस पर वर्कशॉप का किया गया आयोजन





**हिन्द आत्मा संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आध्यात्मिक नगर स्थित इनमैनटेक संस्थान में इंटीग्रेटिंग जेन ए.आई. इन टू प्रोडक्टस पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ संस्थान के कार्यकारी निदेशक डॉ. पंकज ए. गुप्ता, निदेशिका (शैक्षणिक व प्रशासन) डॉ. लतिका गुप्ता, डीन स्टूडेंट वेलफेयर हिना मेहता, सचिव क्षितिज अग्रवाल, डीन डॉ. नितिन सक्सेना, रजिस्ट्रार डॉ. दीपक सक्सेना, सहायक डीन (आईटी) डॉ. मुक्ता मखिजा ने दीप प्रज्वल्लित कर किया। वर्कशॉप में प्रशिक्षक ऐपटेक के शिवाकांत पाण्डेय रहे। इस वर्कशॉप में उन्होनें इंटीग्रेटिंग जेन ए.आई पर कैसे काम किया जाता है, की जानकारी साझा की। छात्र-छात्राओं से आई.टी लैब में प्रयोगात्मक तौर पर इंटीग्रेटिंग जेन ए. आई पर काम कराया गया। उन्होनें वर्तमान एवं भविष्य मे इंटीग्रेटिंग जेन ए. आई के महत्व के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। इस वर्कशॉप मे इंटीग्रेटिंग जेन ए.आई के प्रयोग से जेन ए.आई का कहां और किस प्रकार प्रयोग किया जाता है, की विस्तृत जानकारी दी गई। भविष्य मे इंटीग्रेटिंग जेन ए. आई के स्कोप एवं प्रॉब्लम सोलविंग यूजिंग इंटीग्रेटिंग जेन ए.आई पर विस्तृत चर्चा की गई। ए.आई एवं जेन ए.आई के बीच के अंतर पर भी चर्चा की गई। जेन ए.आई का प्रयोग टेक्स्ट, इमेज, म्यूजिक, ऑडियो, विडीयो व नेचुरल लैंग्वेज में कैसे किया जाता है, बताया गया है। इस वर्कशॉप का आयोजन संस्थान के एम.सी.ए. एवं एम.बी.ए के छात्र-छात्राओं के लिए किया गया। इस अवसर पर प्रो. नवनीत त्यागी, प्रो. गिरीश बंसल, प्रो. कुलदीप कुमार, प्रो. प्रिंसी त्यागी, प्रो. कमल नैन व आई.टी. विभाग के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा ने की जनसुनवाई

## शिकायतों के निस्तारण करने हेतु अधिकारियों को किया निर्देशित





**हिन्द आत्मा संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जनसुनवाई की। जिलाधिकारी जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों को पढ़ते हुए प्रार्थियों से उक्त प्रकरण के बारे में मौखिक भी अवगत हुए। उन्होंने प्रार्थियों को आवश्वस्त किया कि समयान्तराल में गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण कराया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा शिकायतों को सम्बंधित अधिकारी को निराकरण हेतु भेजते हुए, शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता एवं समयान्तराल में निस्तारण के लिए निर्देशित किया। जन सुनवाई के दौरान पुलिस विभाग, जीडीए, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, बैंक, पेंशन, घरेलू झगड़े से सम्बंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होने के पश्चात शिकायतकताओं से फीडबैक लेना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान एडीएम एल/ए विवेक मिश्र भी उपस्थित रहे।

# अवनीश सुधा के हरफनमौला प्रदर्शन से एचसीए पायनियर विजयी




**हिन्द आत्मा संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शुक्रवार को एचसीए पायनियर ने अपने पहले लीग मैच मे उत्तराखंड के कप्तान अवनीश सुधा के हरफनमौला प्रदर्शन (17/3 विकेट व अविजित 55 रन) के योगदान से वीवीआईपी इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिकेट को 8 विकेट से पराजित कर दिया। टास जीत कर पहले एचसीए पायनियर कप्तान अवनीश सुधा ने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। आरंभ से ही कसी हुई गेंदबाजी ने वीवीआईपी इंस्टीट्यूट को 125 रन पर आल आउट कर दिया। आसान लक्ष्य को मात्र 14.1 ओवर मे अवनीश सुधा 55 रन अविजित व युगल सैनी ( 30 रन अविजित) के उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्राप्त कर मैच जीत लिया अन्तराष्ट्रीय खिलाड़ी सौरभ कुमार ने 33 रन तथा 25 /2 विकेट ने वीवीआईपी की ओर से आकर्षक प्रदर्शन किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अवनीश सुधा को श्री महेश गोयल द्वारा दिया गया। संक्षिप्त स्कोरः वीवीआईपी इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिकेटः 125 सभी आउट 22ङ्क3 ओवर मे। शिवम चौधरी 34 रन (2 चौके, 2 छक्के) सौरभ कुमार 33 रन (6 चौके) अवनीश सुधा ने 3 तथा साहिल ढल ने 2 विकेट लिए। एचसीए पायनियरःदीपक पुनिया 32 रन( 2 चौके, 1 छका) अवनीश सुधा 55 रन अविजित (6चोके, 4 छके)सौरभ कुमार ने 2 विकेट लिए। आगामी मैच दिनांक 12/04/2025 को सोनेट क्लब दिल्ली बनाम नोएडा वंडर्स के मध्य खेला जाएगा।

## वरिष्ठ भाजपा नेता यतेंद्र नागर की पुत्री

# गरिमा नागर ने नोएडा इंटर स्कूल ड्राइंग कंपटीशन में प्रथम स्थान प्राप्त किया



**हिन्द आत्मा संवाददाता**

**गाजियाबाद।** वरिष्ठ भाजपा नेता यतेंद्र नागर की पुत्री गरिमा नागर नोएडा स्थित फादर एंगल स्कूल की छात्रा हैं। नोएडा इंटर स्कूल ड्राइंग कंपटीशन नोएडा के प्रतिष्ठित स्टेप बाय स्टेप स्कूल में आयोजित किया गया था। गरिमा नागर की इस उपलब्धि के लिए फादर एंगल स्कूल परिवार की तरफ से उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। गरिमा नागर ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने स्कूल के अध्यापिका एवं माता, पिता को दिया।

# इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के दीक्षांत समारोह में 571 छात्रों को मिली डिग्री, खिले चेहरे

## प्रो.डॉ.जे.पी.पांडे ने छात्रों को दिया आत्मविकास और तकनीकी नवाचार का संदेश











**हिन्द आत्मा संवाददाता**

**साहिबाबाद।** इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज, साहिबाबाद में शुक्रवार को भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। यह समारोह कॉलेज के सिल्वर जुबली वर्ष के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ के कुलपति प्रो. (डॉ.) जे.पी. पांडे, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बांदा के निदेशक प्रो. (डॉ.) एस.पी. शुक्ला, संस्थान के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, निदेशक डॉ. अजय कुमार, आकांक्षा अग्रवाल एवं रजिस्ट्रार डॉ. पंकज राणा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। समारोह में ए.के.टी.यू. से संबद्ध बी.टेक 2024 बैच के 571 छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई। कुलपति प्रो. (डॉ.) जे.पी.पांडे द्वारा छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. जे.पी. पांडे ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए आत्मविकास, निर्णय क्षमता और तकनीकी उन्नयन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र को स्वयं की चुनौतियों को स्वीकार कर उन्हें पार करने की दिशा में निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता के प्रथम श्लोक का उल्लेख करते हुए समझाया कि जीवन की वास्तविक चुनौतियों का सामना कैसे किया जाए। डॉ. पांडे ने कहा कि व्यक्ति को अपने निर्णयों पर अडिग रहना चाहिए, चाहे वे निर्णय सही साबित हों या गलत। किसी भी कार्य को करते समय डर या संकोच नहीं होना चाहिए और उसमें पूरी निष्ठा और संलग्नता के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि चुनौतियां और अवसर दोनों हमारे पास होते हैं, आवश्यकता केवल सतत प्रयास की होती है। लक्ष्य की प्राप्ति में सफलता या असफलता से अधिक महत्वपूर्ण है प्रयास की निरंतरता। तकनीकी क्षेत्र में हो रहे तीव्र बदलावों का उल्लेख करते हुए उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उदाहरण दिया और बताया कि जिस प्रकार एआई स्वयं को लगातार अपडेट कर रहा है, उसी प्रकार युवाओं को भी स्वयं में परिवर्तन लाकर नई तकनीकों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। तभी हम वर्ष 2047 तक विकसित भारत के स्वप्न को साकार कर सकेंगे। आपको बताते चले की दीक्षांत समारोह में बी.टेक की कुल छह शाखाओं कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, डाटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग, तथा इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के 571 छात्रों को डिग्री दी गई है। हर शाखा के तीन शीर्ष छात्रों को विशिष्ट सम्मान स्वरूप गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल प्रदान किए गए। इस अवसर पर कुल छह गोल्ड, छह सिल्वर, और छह ब्रॉन्ज मेडल प्रदान किए गए। बी.टेक 2024 बैच के 250 छात्रों ने प्रथम श्रेणी विशेष योग्यता, 270 छात्रों ने प्रथम श्रेणी, तथा तीन छात्रों को ऑनर्स की उपाधि प्राप्त हुई। इस अवसर पर प्रो. डॉ. मीनाक्षी शर्मा, डॉ. विजई सिंह, डॉ. कुमुद, डॉ. सुधीर, डॉ. पूजा त्रिपाठी, डीआर जुगल किशोर, डॉ. नीतू गोयल, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. नीता वर्मा, डॉ. रागनी, डॉ. महजबीन, डॉ. तनवीर, डॉ. कात्यायनी, डॉ. विकाश गुप्ता, अजय चौधरी आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण कराकर, करें लाभ प्राप्त: जनपद न्यायाधीश आशीष गर्ग

हिन्द आत्मा संवाददाता



**▸▸ जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद आशीष गर्ग के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जारी की 10 मई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए चिन्हित मामलों की सूची**

**गाजियाबाद**। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण निदेर्शानुसार 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। जिसमें विभिन्न स्तर पर विभिन्न प्रकृति के मामलों का निस्तारण हेतु रखा जायेगा। जिसके क्रम में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद आशीष गर्ग के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने 10 मई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए चिन्हित मामलों की सूची जारी की है, जिसमें न्यायालय स्तर पर अपराधिक शमनीय मामले, एनआई एक्ट की धारा 138 के तहत मामले, बैंक वसूली मामले, मोटर दुर्घटना प्रतिकर के मुकदमें, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, पानी का बिल (चोरी के मामलों को छोड़कर), मध्यस्थता के मामले अन्य सिविल मामले (किराया सुखाधिकार निषेधाज्ञा मुकदमे विनिर्दिष्ट अनुपालन मुकदमे) आदि। अन्य मामले क्रिमिनल मामले बिजली (गैर-कंपाउंडेबल को छोड़कर), वेतन एवं भत्ते तथा सेवानिवृत्ति लाभ से संबंधित सेवा मामले। ई-ट्रैफिक चालान 34 पी एक्ट, एमवी एक्ट। प्रशासन स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु प्रस्तावित वादों/प्रकरणों की सूचना।

उपजिलाधिकारी के स्तर पर राजस्व वाद, भरण पोषण से संबंधित वाद, पारिवारिक, प्रमाण पत्र से संबंधित प्रार्थना पत्र, सामान्य निवास प्रमाण पत्र एवं हैसियत से संबंधित प्रार्थना पत्र इसी प्रकार के अन्य वादों का निस्तारण किया जायेगा। तहसीलदार, न्यायालय स्तर पर राजस्व संहिता धारा 34 दाखिल खारिज वाद, धारा 67, ग्राम सभा भूमि से बेदखल संबंधी वाद का निस्तारण किया जायेगा। नायब तहसीलदार स्तर पर न्यायालय राजस्व संहिता धारा 34 दाखिल खारिज वाद का निस्तारण किया जायेगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी के स्तर पर विभागीय योजनाओं के क्रम में योजनाएं से संबंधित शिकायतें तथा पेंशन इत्यादि समय से न प्राप्त होना, योजनाओं का लाभ न मिलने के क्रम में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाता है। चाइल्ड लाइन के अंतर्गत बच्चों से संबंधित शिकायती प्रकरणों में यथा आवश्यक कार्रवाई करते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाता है, वन स्टाफ सेंटर के अंतर्गत महिलाओं संबंधी घरेलू हिंसा, किसी भी प्रकार की आकस्मिक सहायता इत्यादि से संबंधित प्राप्त होने वाले केसों को निस्तारण किया जायेगा। बाट तथा माप विभाग के स्तर पर विधिकमान विज्ञान (बाट/माप) लें काँटे-बार की मुहर तिथि निकलने एवं पैकेज्ड कोमोडिटी के मामले से संबंधित केस एसीजेएम कोर्ट एवं लोक अदालत में निस्तारण किया जायेगा। नगर पंचायत स्तर पर हाउस टैक्स, जलकल, मृत्यु प्रमाण पत्र, सफाई और बिजली से संबंधित, भूमि विवाद अतिक्रमण राजस्व से संबंधित मामलों का निस्तारण किया जायेगा। बैंक से संबंधित एनपीए खातों से संबंधित विवादों का निस्तारण किया जायेगा। पुलिस विभाग ट्रैफिक चालान से संबंधित वादों का निस्तारण किया जायेगा। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) टेलीफोन से संबंधित वादों का निस्तारण किया जायेगा। जिला पूर्ति अधिकारी जनहित, राशन कार्ड से संबंधित वादों का निस्तारण किया जायेगा।

## हिंद की सेना पर हमें गर्व है, जान की बाजी लगाकर

# देश की 140 करोड़ जनता की सुरक्षा करने के लिए सभी योद्धाओं को नमन और सैल्यूट करते हैं: डा. अतुल जैन

हिन्द आत्मा संवाददाता



**▸▸ प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षा मंत्री और सभी सेना के योद्धाओं के साथ खड़े हैं जिनकी वजह से हम सभी सुरक्षित वातावरण में सांस ले पा रहे हैं**

**गाजियाबाद**। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा हिंदू पर्यटकों की धर्म पूछ पूछ कर निर्मम हत्या करने के बाद बदला लेने के लिए भारत की सेना द्वारा पाकिस्तान के आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट करने की कार्यवाही के बाद उत्पन्न परिस्थितियों से पाकिस्तान बौखला गया है और भारत की निर्दोष जनता पर गोलीबारी द्वारा उनको हताहत करने का प्रयास किया है। परंतु सक्षम सेना द्वारा उसके द्वारा भेजी गई सभी मिसाइलों को हवा में ही नष्ट करके उनके मंसूओं पर पानी फेर दिया है और पाकिस्तान के कई शहरों में भारत की सेना ने मिसाइल द्वारा आक्रमण कर के तबाही मचा दी है जिससे पाकिस्तान में हाहाकार मचा हुआ है। भारतवर्ष की सेना और भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सदैव ही यह नीति अपनाई है कि पहले कुछ नहीं कहेंगे और यदि छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं, इस तरह की कार्यवाही से सभी भारतवासियों का सीना चौड़ा होता है और अपनी सेना और सरकार पर गर्व होता है। शीर्ष नेतृत्व के कुशल प्रशासन में सभी अपने आप को सुरक्षित महसूस करते हैं और हम सभी इस समय अपनी सरकार प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षा मंत्री और सभी सेना के योद्धाओं के साथ खड़े हैं जिनकी वजह से हम सभी सुरक्षित वातावरण में सांस ले पा रहे हैं। पाकिस्तान के जेट को भारत की सेवा ने मार गिराया है और पायलट को भी पकड़ लिया है यह स्पष्ट संदेश है कि भारतवर्ष की तरफ जो भी आंख उठायेगा उसको चूर-चूर कर दिया जाएगा।

# नवनियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा डासना का मोदीनगर पहुंचने पर हुआ स्वागत





**मोदीनगर (हिन्द आत्मा)**। कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष आशीष शर्मा के नेतृत्व में नवनियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा डासना का पार्टी कार्यकताओं ने भरपूर उत्साह के साथ फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। नवनियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा डासना का मोदीनगर पहुंचने पर पार्टी कार्यकताओं ने पूर्व नगर अध्यक्ष आशीष शर्मा के नेतृत्व में फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है इसलिए सभी कार्यकर्ता आपसी मतभेद भुलाकर संगठन को मजबूत करें, ताकि कांग्रेस पार्टी जनपद में अति मजबूत बनकर उभरे। जिला अध्यक्ष ने कहा कि मुझे पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका निर्वाह में पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करते हुए सभी पार्टी कार्यकताओं के मान सम्मान में कोई कमी नहीं आने दूंगा।कार्यक्रम का संचालन नन्द किशोर शर्मा ने किया। इस मौके पर संगठन मजबूती को लेकर आपसी विचार-विर्मश किया गया मौके पर मौजूद रहे मुख्य लोगों में कांग्रेस वरिष्ठ नेता जोगेश नेहरा, महेश शर्मा, भीष्म दुहन, निर्मल पॉल, शारदा सेन, इंदिरा शर्मा, उत्तम प्रकाश शर्मा, सलमान मेहंदी, अरमान मेहंदी, दिनेश कुमार, पूजा कुशवाहा, अमित कुमार, मुकुल शर्मा, नईम खान, सतीश कुमार, सुशील शर्मा, राहुल शर्मा सहित अन्य कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# डॉ. बी.आर. अंबेडकर धर्मशाला को लेकर चल रहा विवाद समाप्त सुखपाल सिंह ने अपनी जमीन ट्रस्ट को दान दी





हिन्द आत्मा संवाददाता

**मोदीनगर**। इंद्रापुरी सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में डॉ.बी आर अंबेडकर धर्मशाला में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पालिका चैयर मैन विनोद वैशाली सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में डॉ. बी.आर. अंबेडकर धर्मशाला सेवा ट्रस्ट सदस्यों व सुखपाल सिंह के बीच जमीन को लेकर काफी समय से चले आ रहे विवाद को आपसी सहमति से सुलझाया गया। शुक्रवार को भूपेंद्र पूरी स्थित इंद्रापुरी धर्मशाला की जमीन को लेकर पिछले काफी समय से चले आ रहे विवाद को आपसी में समझौता कराकर सुलझाया गया।जिसमें सुखपाल सिंह ने अपनी इस जमीन को डॉक्टर बी आर अंबेडकर धर्मशाला ट्रस्ट को दान कर दी।सुखपाल सिंह ने मोदीनगर तहसील कार्यालय जाकर इस समझौते को लिखित में कराते हुए उसकी रजिस्टर्ड कॉपी पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली को सोंपी।

शांबी की लिखा पढ़ी का धर्मशाला से कोई विवाद नहीं है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए नगर पालिका चैयरमैन विनोद वैशाली का फूल मालाओं उसे स्वागत किया गया। मौजूद रहे मुख्य लोगों में डॉ.बी.आर. अंबेडकर धर्मशाला सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष तेजवीर सिंह, उपाध्यक्ष सतेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष हेम सिंह, महासचिव मास्टर धर्मवीर सिंह कर्दम सभासद, सांस्कृतिक सचिव नवनीत कुमार, सचिव राजकुमार गौतम, पत्रकार बिजेंद्र भारती, डॉ.जीत सिंह भारती, डॉ. लोकेंद्र कुमार, दिलीप कुमार गौतम, डॉ. दीपक कुमार, लेखराज भाटिया, होशियार सिंह आदि लोग शामिल हुए।

# पहल एक प्रयास संस्था ने वृक्षारोपण कर भारतीय सैना पराक्रम को किया समर्पित








**मोदीनगर (हिन्द आत्मा)**। हापुड़ रोड स्थित गौशाला में पहल एक प्रयास संस्था कार्यकताओं द्वारा द्वारा वृक्षारोपण अभियान चलाते हुए रोपित किए पौधों को भारतीय सैनिकों के पराक्रम को समर्पित किया गया। शुक्रवार को नगर में पौधारोपण अभियान के माध्यम से अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करने वाली प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था पहल एक प्रयास के नेतृत्व में कार्यकताओं द्वारा भारतीय सैना के मिशन सिंदूर के तहत सैनिक पराक्रम से अभीभूत होकर कस्बा रोड निवासी व्यापारी सतीस शर्मा व उसके परिवार द्वारा पहल एक प्रयास संस्था के साथ मिलकर पौधारोपण करने के पश्चात रोपित पौधों को भारतीय सैना पराक्रम को किया समर्पित।

# छाया पब्लिक स्कूल में आईसीएससी व यूपी बोर्ड दसवीं कक्षा टॉपर्स का हुआ जोरदार स्वागत




**मोदीनगर (हिन्द आत्मा)**। गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल में हाल ही में यूपी बोर्ड में आईसी एसई बोर्ड में सफल हुए दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा 11वीं कक्षा में प्रवेश लेकर स्कूल पहुंचने पर छात्रों एवं अभिभावकों का जोरदार स्वागत किया गया। शुक्रवार को गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक मैं आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी ने बोर्ड परीक्षाओं में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करने के लिए छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य डॉ० अरुण त्यागी ने बताया कि मोदीनगर मुरादनगर के आसपास के बच्चे जो पहले यूपी बोर्ड व आईसीएसई बोर्ड में अध्ययन कर रहे थे। उन्होंने आगामी कक्षाओं के लिए सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध हमारे छाया पब्लिक का चुनाव करते हुए उसमें प्रवेश लिया जो हम सभी के लिए बेहद हर्ष का विषय है आईसीएसई बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों में सौम्या दहिया जिसने 98.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शहर का नाम रोशन किया वहीं शानवी, अलंकृत त्यागी, लविष्का त्यागी, अर्पिता राघव, आकृति शर्मा, हर्षित, ओम, कपिल, केशव सभी प्रतिभावान छात्रों व उनके अभिभावकों का फूल माला व मेडल पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल के समस्त छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक, शिक्षिकाओं की गरिमामयी उपस्थित मैं कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ।

# कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में वैदिक से समकालीन दृष्टिकोण पर भारतीय ज्ञान परम्परा विषय पर कार्यशाला का आयोजन



हिन्द आत्मा संवाददाता



**हापुड़**। कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ जिन्दल नगर, में पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वक्ता के रूप में डॉ. देवेन्द्र सिंह सिन्धु (प्रोफेसर, चौ. शिवनाथ सिंह शान्डिल्य पीजी कॉलिज, माछरा, मेरठ) एवम् डॉ. कविता तिवारी (आईपीजी कॉलिज, बुलन्दशहर) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के समक्ष पुष्पार्पण से हुई। डॉ. देवेन्द्र सिंह सिन्धु ने वैदिक ग्रंथों में न्याय व्यवस्था, धर्म, कर्तव्य और सामाजिक उत्तरदायित्व की संकल्पनाओं पर प्रकाश डाला। डॉ कविता तिवारी ने भारतीय ज्ञान परंपरा और वर्तमान संवैधानिक ढांचे के बीच अंतर्सबंधों के विषय में अपने विचार रखे। कार्यशाला में शिक्षकगण एवमं छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही।

# केडीबी पब्लिक स्कूल में वाइब्रेशन 2025 – अंतर विद्यालय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन









हिन्द आत्मा संवाददाता



**गाजियाबाद**। कवि नगर स्थित केडीबी पब्लिक स्कूल में 'ओपन कैनवस' शीर्षक के अंतर्गत विश्व नृत्य दिवस का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शहर के दस प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रतिभागियों के नृत्य कौशल को प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना पारुल अवस्थी एवं लॉर्ड डांस सेंटर के संस्थापक भुवन राव की उपस्थिति में परखा गया। 'विश्व नृत्य दिवस' जो कि प्रतिवर्ष 29 अप्रैल को मनाया जाता है। दुनिया भर में नृत्य की विभिन्न शैलियों कलाकृतियों और संस्कृतियों को समर्पित नृत्य की इसी परंपर के अंतर्गत प्रतिवर्ष के.डी.बी. पब्लिक स्कूल में अंतर विद्यालयी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। वास्तव में ऐसे कार्यक्रम देश की सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखते हैं। 'ओपन कैनवस' शीर्षक के अंतर्गत अनेक विद्यालय के प्रतिभागियों ने अपने अद्भुत नृत्य कला कौशल का प्रदर्शन करते हुए अपनी रचनात्मकता एवं कलात्मकता को नृत्य के माध्यम से अभिव्यक्त किया। नृत्य केवल एक5 कला ही नहीं बल्कि एक ऐसी भाषा है जो सभी को जोड़ती है, चाहे वह किसी भी जाति धर्म या संस्कृति से संबंधित हो। इस नृत्य प्रतियोगिता में आठवीं से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने अपने नृत्य कौशल का भरपूर प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में अनेक विद्यालयों जैसे-चौधरी छबीलदास पब्लिक स्कूल गाजियाबाद, उत्तम पब्लिक स्कूल गाजियाबाद, ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय गाजियाबाद, डी.पी.एस. डासना रोड गाजियाबाद, स्टेप अप स्कूल गाजियाबाद, आर्मी पब्लिक स्कूल नोएडा, प्लैटिनम स्कूल ब्रिज विहार, डी.डी.पी.एस गोविंदपुरम तथा डी.ए.वी प्रताप विहार आदि ने भाग लिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं निर्णायक मंडल में प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना गायिका पारुल अवस्थी तथा लॉर्ड डांस सेंटर गाजियाबाद के संस्थापक भुवन राव ने शिरकत की। विद्यालय प्रधानाचार्या निवेदिता राणा एवं उप प्रधानाचार्या नम्रता दूबे ने पुष्पगुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया। ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन के.डी.वी पब्लिक स्कूल के छात्र द्वारा मनमोहक प्रस्तुति से किया गया। अन्य विद्यालयों से आए सभी प्रतियोगियों ने भी अपनी-अपनी अद्भुत कला कौशल एवं कल्पना की उड़ान को अनूठे अंदाज में प्रस्तुत करते हुए इंद्रधनुषी रंगों की छटा से सराबोर कर दिया। अतिथियों के स्वागत में के.डी.बी विद्यालय के छात्रों ने 'रुद्राक्ष' नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर भारतवर्ष की इस अमूल्य और अनोखी धरोहर से सबको परिचित कराते हुए रुद्राक्ष के आध्यात्मिक व औषधिक रूपों से भी परिचित कराया। अंत में निर्णायक मंडल द्वारा विजेता टीमों की घोषणा की गई। सभी विजेताओं को प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार देकर प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया गया। सभी दर्शकों द्वारा कार्यक्रम को खूब सराहा गया। मुख्य अतिथियों ने भी कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या निवेदिता राणा ने सभी प्रतिभागियों के नृत्य की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सम्पादकीय

# आतंकवाद का आका बना पाक

यह जगजाहिर है कि भारत में आतंकवाद की समस्या को ज्यादा जटिल बनाने में पाकिस्तान की क्या भूमिका रही है। यह भी छिपा नहीं है कि भारत में आतंकी वारदात के लिए जिम्मेदार संगठनों को पाकिस्तान किस स्तर पर शह देता रहा है और इसी वजह से कितने आम लोग पिस रहे हैं। हाल ही में पहलगाम में आतंकी वारदात पाकिस्तान की साजिशों की ही एक कड़ी थी, जिसमें छब्बीस पर्यटकों को जान गंवानी पड़ी। इस आतंकी हमले की जैसी प्रकृति थी, उससे स्वाभाविक ही न केवल भारत में व्यापक दुख और आक्रोश पैदा हुआ, बल्कि दुनिया भर में इस घटना पर चिंता जताई गई। भारत के सामने यह चुनौती थी कि वह आतंकियों के इस दुस्साहस के खिलाफ किस हद तक सब्र करे। फिर भी भारत ने संयम से काम लिया और बहुत सोच-समझ कर अपनी प्रतिक्रिया दी। संवाद के जरिए पाकिस्तान को समझाने और आतंकवाद को समर्थन देने से रोकने के लिए भारत ने जितना संभव था, वह सब किया। मगर ऐसा लगता है कि पाकिस्तान के लिए शांति और संवाद का रास्ता कोई महत्त्व नहीं रखता और आतंकवादियों को संरक्षण देना ही वह जरूरी समझता है।

यह बेवजह नहीं है कि सारे विकल्प खत्म होने के बाद आखिर भारत को सख्त कदम उठाने पड़े और उसने ह्यआपरेशन सिंदूरह्न के तहत पाकिस्तानी क्षेत्र में स्थित आतंकी ठिकानों पर कामयाब हमला किया। दरअसल, पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पिछले कई दिन से बिना वजह के सीमा पर पाकिस्तान की ओर से बार-बार संघर्षविराम का उल्लंघन जारी था। ऐसे में भारत के पास जवाब देने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा था। मगर पाकिस्तान ने आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय जिस तरह भारतीय क्षेत्र में गोलीबारी की, उसमें कई लोगों की जान चली गई। भारत के ठोस जवाब के बावजूद गुरुवार को आई खबर के मुताबिक, पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों का उपयोग करके भारत में पंद्रह जगहों पर हमला करने की कोशिश की, जिसे भारत ने पूरी तरह नाकाम कर दिया। भारत की ओर से जवाबी कार्रवाई में लाहौर में पाकिस्तानी वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया गया।

एक ओर, लगातार आतंकवादी हमले और साजिश को झेलने के बावजूद भारत ने अंतिम विकल्प के रूप में पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया भी तो वह ह्यकेंद्रित और नपी-तुलीह्न प्रतिक्रिया थी, वहीं पाकिस्तान अपनी मंशा के बेपर्द होने पर भी ऐसी गतिविधियां जारी रखे हुए है, जिसे उकसावे की कार्रवाई कहा जा सकता है। विचित्र यह भी है कि आतंकवादियों को शह देने के सवाल पर पाकिस्तान दुनिया भर में कठघरे में खड़ा दिखता है। ऐसे कई मौके सामने आ चुके हैं। कुछ वर्ष पहले बेजिंग में हुए ब्रिक्स सम्मेलन के घोषणापत्र में भी इस बात का स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि लश्करे-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे कई बड़े आतंकवादी संगठन पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां संचालित करते हैं। इस बेपर्दगी के बावजूद पाकिस्तानी शासकों ने आतंकी संगठनों को शह और संरक्षण देना नहीं रोका। सवाल है कि वह आने वाले दिनों में अपनी इस प्रवृत्ति के अंजाम की अनदेखी किन वजहों से कर रहा है। ऐसी हरकतों की वजह से भारी संख्या में आम लोग आतंकवाद की मार से पिस रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक अशोक कौशिक द्वारा फाल्गुन बुक्स एंड प्रिन्टर्स, ए-1/185 स्वदेशी कॉम्पलैक्स, कविनगर इंडस्ट्रीयल एरिया, गाजियाबाद- 201001 से छपवाकर 308 अंसल सुमैधा बिल्डिंग, आर.डी.सी. राजनगर गाजियाबाद से प्रकाशित।

सम्पादक : अशोक कौशिक
समाचार सम्पादक : राकेश शर्मा
कानूनी सलाहकार : राजकुमार शर्मा, प्रदीप त्यागी, विकास त्यागी
मो. : 9810149213
फोन : 0120-4113213
E-mail : hindatma@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र गाजियाबाद होगा।




## 'स्वाभिमान की मशाल, राष्ट्रगौरव का प्रेरणा पर्व- महाराणा प्रताप जयंती समारोह में गूंजा शौर्य और बलिदान का संदेश'

# महाराणा प्रताप पूरे देश के थे उन्होंने जो बलिदान देश के लिए दिया है उसको कोई भुला नहीं सकता: अतुल गर्ग







**हिन्द आत्मा संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महाराणा प्रताप चौक अवंतिका में स्थित दयानन्द पार्क में आज महाराणा प्रताप जी की वीरता, आत्मगौरव और बलिदान की गाथाओं से गूंज उठा, जब समस्त अवंतिकावासियों द्वारा उनके जन्मोत्सव पर एक ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं प्रेरणात्मक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, प्रबुद्ध नागरिकों, विद्यार्थियों, महिलाओं एवं युवाओं की बड़ी संख्या में सहभागिता देखी गई। समारोह का शुभारंभ प्रातः 08:30 बजे वैदिक हवन से हुआ, जिसमें क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों एवं बच्चों ने भाग लिया। हवन के साथ वातावरण में पवित्रता एवं राष्ट्र चेतना का संचार हुआ। इसके पश्चात 9 बजे महाराणा प्रताप चौक पर माल्यार्पण कर वीर शिरोमणि को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। लोगों ने 'राणा प्रताप अमर रहें', 'राष्ट्रगौरव राणा की जय' जैसे उद्घोषों से वातावरण को गूंजायमान कर दिया। इसके पश्चात प्रातः 9:30 बजे से 12 बजे तक टंकी वाला पार्क में भजन व प्रवचन सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें भक्ति, विचार और राष्ट्रप्रेम का त्रिवेणी संगम देखने को मिला। समारोह की विशेषता यह रही कि इसमें भाग लेने वाले प्रमुख



अतिथियों एवं वक्ताओं ने केवल श्रद्धांजलि नहीं दी, बल्कि महाराणा प्रताप के जीवन को आज के सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक संदर्भों से जोड़ते हुए अत्यंत प्रभावशाली वक्तव्य दिए। वागीश दिनकर की ओज से भरी महाराणा प्रताप की कविताओं पर लोगों ने खूब तालियाँ बजाई और महाराणा प्रताप अमर रहे के नारे लगाए। कविता के माध्यम से राणा जी की वीरता को जीवंत किया कि घास की रोटी खाई, पर शीश नहीं झुकाया। मुख्य अतिथि अतुल गर्ग सांसद ने कहा की महाराणा प्रताप पूरे देश के थे उन्होंने जो बलिदान देश के लिए दिया है उसको कोई भुला नहीं सकता है। आज हम जातियों में बनते हुए हैं हमें जातिवाद से बाहर निकलकर अपने देश के लिए एकजुट होना पड़ेगा। आज देश के ऊपर संकट आया हुआ है हमें इसका डटकर मुकाबला करना है। अति विशिष्ट अतिथि अजीत पाल त्यागी (विधायक) आज जब भारत वैश्विक मंच पर अपनी पहचान को स्थापित कर रहा है, तब हमें महाराणा प्रताप जैसे महापुरुषों की प्रेरणा से यह समझने की आवश्यकता है कि स्वाभिमान, आत्मनिर्भरता और संस्कृति के लिए संघर्ष करने वालों का इतिहास कभी विस्मृत नहीं होता। राणा प्रताप ने हमें सिखाया कि झुकना नहीं, जूझना ही वीरता है। अति विशिष्ट अतिथि स्वामी सदानंद महाराज जी ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन केवल एक ऐतिहासिक कथा नहीं, बल्कि एक जीवित दर्शन है। हल्दीघाटी की लड़ाई ने दुनिया को दिखा दिया कि भारत के वीरों के लिए स्वतंत्रता और सम्मान



सर्वोपरि है। हमें बच्चों को केवल उनके बारे में पढ़ाना नहीं, बल्कि उनका आदर्श बनाना चाहिए।

अध्यक्षता मयंक गोयल (महानगर अध्यक्षभाजपा) राजनीति और प्रशासन में नैतिकता और साहस की आवश्यकता है, जिसकी झलक महाराणा प्रताप के जीवन से मिलती है। उन्होंने सत्ता की नहीं, सिद्धांतों की लड़ाई लड़ी-आज के समय में ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है। राणा प्रताप ने आत्मनिर्भरता की नींव डाली, हमें उनके 'स्वदेशी' दृष्टिकोण को अपनाने की जरूरत है। त्याग के बिना स्वतंत्रता अधूरी है-राणा जी का जीवन इसका उदाहरण है। सरदार एस.पी.सिंह (पूर्व सदस्य अल्पसंख्यक आयोग) ने कहा कि हमें बच्चों को केवल मोबाइल और मार्क्स तक सीमित नहीं करना, बल्कि चरित्र निर्माण में राणा प्रताप जैसे आदर्शों से जोड़ना चाहिए। राणा जी का संघर्ष 'घर से लेकर रणभूमि' तक था वे परिवार, समाज और राष्ट्र के सच्चे रक्षक थे। राणा जी का जीवन 'स्वराज' और 'संगठित समाज' का प्रतीक है। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा राणा प्रताप के आदर्श सनातन समाज की रक्षा का मूलमंत्र हैं। व्यापारिक समुदाय को भी राणा जी के आत्मसम्मान और राष्ट्रप्रेम से सीख लेनी चाहिए। राणा जी का नेतृत्व, नीतिशास्त्र और समाज कल्याण का आदर्श उदाहरण है। राणा जी की नीति-न्याय दृष्टि, आज के न्याय प्रणाली के लिए भी प्रेरणास्रोत है। व्यापारिक समुदाय को भी राणा जी के आत्मसम्मान और राष्ट्रप्रेम से सीख लेनी चाहिए। सभी विशिष्ट अतिथियों की प्रेरणादायक सहभागिता मनोज त्यागी (पार्षद), पवन गौतम (पार्षद), राहुल तोमर (मंडल अध्यक्ष, भाजपा), वेद प्रकाश तोमर (अध्यक्ष अफ्हअ), धर्मवीर शर्मा (महासचिव अफ्हअ), एच.एन. सिंह (पूर्व मंडल अध्यक्ष, भाजपा), अरविंद गुप्ता (अध्यक्ष, वैश्य समाज), धर्मवीर सिंह (पूर्व जनपद न्यायाधीश), एस.के.भदौरिया थे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर बलदेव राज शर्मा (पूर्व राज्य मंत्री), अशोक गोयल (पूर्व राज्य मंत्री), कृष्ण वीर सिंह सिरोही (पूर्व विधायक), महेश अग्रवाल (पूर्व भाजपा अध्यक्ष), हिमांशु मित्तल (पूर्व पार्षद), वीरेंद्र चौधरी (पूर्व पार्षद), राहुल तोमर (मंडल अध्यक्ष, भाजपा), पवन गौतम (पार्षद) रहे।

विशेष आमंत्रितगण अतिथियों में बाल किशन गुप्ता (राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापार मंडल), वी.पी. सिंह (अध्यक्ष श्री शिव शक्ति मन्दिर समिति), अरुण त्यागी अध्यक्ष श्री हर हर महादेव सेवा समिति, नरेन्द्र गुप्ता (अध्यक्ष परमार्थ सेवा समिति), महेश चौधरी अध्यक्ष महादेव सेवा समिति आदि ने भी प्रेरणास्पद विचार रखे और आयोजन को ऐतिहासिक बताया। कार्यक्रम का संचालन भानु प्रताप सिसोदिया ने अत्यंत गरिमामय एवं अनुशासित रूप में किया, जिन्होंने प्रत्येक वक्ता के साथ ऐतिहासिक संदर्भों को जोड़ा। कार्यक्रम संयोजक ठाकुर राजकुमार सिसोदिया और ठाकुर सत्येन्द्र सिंह बिशेन ने पूरी लगन और समर्पण के साथ इस आयोजन को योजनाबद्ध रूप से सफल बनाया। समारोह के समापन पर आयोजन समिति ने संकल्प लिया कि प्रत्येक वर्ष महाराणा प्रताप जयंती को इसी भव्यता के साथ मनाया जाएगा। स्कूलों, कॉलेजों और समाज के बीच राणा जी के जीवन पर आधारित संगोष्ठियाँ, नाटक और पोस्टर प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी।

# ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हेतु प्रदेश सरकार के बढ़ते कदम

**लखनऊ।** ऊर्जा के बिना जीवों का जीवन सम्भव नहीं है, यह हमारे जीवन का आधार है। ऊर्जा किसी वस्तु में कार्य करने या बदलाव करने की क्षमता होती है। इसे कार्य करने की क्षमता के रूप में भी जाना जाता है। हर क्षेत्र में ऊर्जा की आवश्यकता होती है। ऊर्जा कई रूपों में मौजूद होती है जैसे गतिज ऊर्जा स्थितिज ऊर्जा, रसायनिक ऊर्जा, उष्मा ऊर्जा, प्रकाश ऊर्जा, विद्युत ऊर्जा आदि होते है। ऊर्जा को एक रूप से दूसरे रूप में बदला जा सकता है। ऊर्जा हमें जीवित रहने और प्रगति करने के लिए जरूरी है। आज हर क्षेत्र में बिना ऊर्जा के जीवन असंभव हो गया है। उद्योग, कृषि, परिवहन व घरेलू तथा सामाजिक जीवन सहित विकास के हर स्तर पर ऊर्जा अति आवश्यक हो गयी है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश में विद्युत उत्पादन और मांग के अनुसार आपूति के लिए सुदृढ़ व्यवस्था की है। आज प्रदेश में गाँवों से लेकर शहरों के समस्त क्षेत्रों में अच्छे ढंग से विद्युत आपूर्ति की जा रही है। वर्ष 2024-2025 में माह दिसम्बर तक औसत आपूर्ति ग्रामीण क्षेत्र में 20 घण्टे 35 मिनट, तहसील मुख्यालय में 22 घण्टे 36 मिनट तथा जनपद मुख्यालय में 24 घण्टे की जा रही है। प्रदेश में दिसम्बर 2023 तक 2,94,818 मजरों को विद्युतीकृत किया गया। प्रदेश में 2017 से अब तक 165 लाख विद्युत कनेक्शन निर्गत किये गये तथा 33/11 के. वी. के 749 नये विद्युत उपकेन्द्र स्थापित एवं 1528 विद्युत उपकेन्द्रों की क्षमता वृद्धि की गई है। अयोध्या को सोलर सिटी और बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे को सोलर एक्सप्रेस-वे के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के 16 नगर निगमों एवं नोएडा शहर को भी सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम द्वारा वर्ष 2024-2025 में दिसम्बर माह तक 7140 मेगावॉट ताप विद्युत उत्पादन क्षमता व संयुक्त उपक्रम में चलित 1980 मेगावॉट का उत्पादन क्षमता एवं 37,056 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन प्राप्त किया गया।

प्रदेश में गैर पारम्परिक ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने हेतु पम्प स्टोरेज जल विद्युत परियोजना की स्थापना का निर्णय लिया गया है। कोल इण्डिया लिमिटेड के साथ उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा संयुक्त उपक्रम के रूप में जनपद जालौन में 500 मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजना की स्थापना प्रस्तावित हैं। एन.टी.पी.सी. ग्रीन एनर्जी लिमिटेड तथा उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा संयुक्त उपक्रम के माध्यम से तहसील गरौठा जनपद झाँसी में 200 मेगावॉट सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना भी की जा रही है। 2, 800 मे.वा. ओबरा डी तापीय परियोजना की स्थापना का निर्णय लिया गया है। कानपुर में 3ह्न660 मेगावॉट घाटमपुर तापीय परियोजना की प्रथम इकाई पूर्ण कर ली गयी है तथा द्वितीय एवं तृतीय इकाई से क्रमशः मई, 2025 एवं अगस्त, 2025 से उत्पादन प्रारम्भ हो जायेगा। पावर फॉर ऑल के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 2017 से अब तक 24 हजार 800 करोड़ की लागत से 193 पारेषण उप केन्द्रों एवं तत्सम्बन्धी लाइनों का ऊर्जीकरण किया गया है। वर्ष 2017 तक कुल स्थापित 288 मेगावॉट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाए थी, जिसमें पिछले 8 वर्षों में 10 गुने की बढ़ोत्तरी हुई है। 1000 से अधिक आबादी वाले 9031 ग्रामों/मजरों में खुले तार के स्थान पर 51941 किमी. ए.बी. केबल लगाये गये। स्मार्ट मीटरिंग एवं विद्यत तंत्र के आधुनिकीकरण के लिए रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम लागू की गयी है। 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्रों पर 627 नग कैपेसिटर बैंक स्थापित किये गये है। प्रदेश में निजी नलकूप कनेक्शन देने में डार्क जोन में लगे प्रतिवन्ध को हटाने से 01 लाख किसान लाभान्वित हुए है। 14 लाख से अधिक निजी नलकूप के बिजली बिलों में 100 प्रतिशत की छूट दी गयी है। ट्रान्सफार्मर खराब होने पर 24 घंटे में बदलने की व्यवस्था है। 09 हजार 926 नये वितरण ट्रांसफार्मरों की स्थापना तथा 28 हजार 602 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य भी पूर्ण किया गया है। किसानों के हित में 1 लाख 88 हजार निजी नलकूपों का संयोजन किया गया है। सिंचाई सुविधा हेतु 3,99,899 निजी नलकूपों का संयोजन तथा किसानों को विद्युत आपूर्ति हेतु 2695 ग्रामीण फीडर अलग किये गये है। प्रदेश में रोजगार सृजन एवं कौशल विकास हेतु वर्ष 2025-26 में 3000 सूर्यमित्रों को कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा। अप्रैल, 2022 से दिनांक 31 दिसम्बर, 2024 तक कुल 1,87,873 निजी नलकूप संयोजन निर्गत किये गये। कृषि फीडरों के पृथक्कीकरण की योजना के अन्तर्गत 4,680 फीडर्स के लक्ष्य के सापेक्ष 3,817 कृषि फीडर्स का निर्माण कराया जा चुका है। सौर ऊर्जा नीति-2022 के तहत 22000 मेगावाट विद्युत उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। निजी पूंजी निवेश से 2653 मेगावाट क्षमता की तथा रूफटॉप सोलर पावर प्लांट की 508 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजनाओं की स्थापना की गयी है। झांसी, ललितपुर, कानपुर नगर, कानपुर देहात, चित्रकूट और जालौन में सोलर पार्क की स्थापना तथा सौभाग्य योजना में 53,354 सोलर पावर पैक संयंत्रों की स्थापना किया गया है। कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट, बायो कोल, बायो डीजल/बायो एथेनॉल की स्थापना को प्रोत्साहन देते हुए गोरखपुर में कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट की स्थापना की गयी है। नये संयोजन हेतु घरेलू उपभोक्ताओं के लिए ह्यझटपट पोर्टलह्न की व्यवस्था की गयी है। उत्तर प्रदेश राज्य जैव ऊर्जा नीति-2022 के अन्तर्गत कम्प्रेस्ड बायो गैस, बायो-कोल, बायो-डीजल/बायो-एथेनॉल से सम्बन्धित 53 परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है तथा 24 परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी हैं। उत्तर प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने हेतु डी०बी०एफ०ओ०ओ० बिड प्रक्रिया के अन्तर्गत उ०प्र० राज्य में 2,800 मेगावॉट (1600 मेगावॉट) तापीय परियोजना स्थापित करने एवं उससे 1500 मे0वा0 ऊर्जा क्रय किया जायेगा। केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा दी गयी रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश राज्य को अपनी ऊर्जा की डिमांड को पूर्ण करने हेतु वित्तीय वर्ष 2033-34 तक लगभग 10,795 मे०वा० की तापीय ऊर्जा की अतिरिक्त आवश्यकता होगी। इसके साथ ही रिन्यूएबल परचेज ऑब्लीगेशन के दृष्टिगत 23500 मे०वा० की नवकरणीय ऊर्जा खरीद का रोड मैप भी तैयार किया गया है, जिसमें 8500 मे०वा० सौर ऊर्जा, 7500 मे०वा० पवन ऊर्जा एवं 7500 मे०वा० हाइड्रो ऊर्जा की आवश्यकता होगी, जिसके लिए सरकार द्वारा अलग से कार्यवायी की जा रही है। ऊर्जा की आवश्यकता के दृष्टिगत प्रदेश सरकार ने व्यवस्था कर ली है।

**के०एल० चौधरी**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन सं०- 1265, विवेकानन्द नगर, गाजियाबाद का आवंटन श्री ब्रहम स्वरूप पुत्र श्री चन्द्रभान शर्मा के पक्ष में किया गया था। आवंटी द्वारा भवन का पट्टा विलेख दिनांक 15.03.1990 को निष्पादित कराया गया है, श्री ब्रहम स्वरूप पुत्र श्री चन्द्रभान शर्मा द्वारा अपनी पुत्री श्रीमति सरोज शर्मा पत्नी श्री देवदत्त शर्मा को पंजीकृत वसीयत दिनांक 29.04.1999 को निष्पादित कराई गई है। तत्पश्चात श्री ब्रहम स्वरूप पुत्र श्री चन्द्रभान शर्मा की मृत्यु दिनांक 04.06.1999 को हो जाने के पश्चात आवेदिका श्रीमति सरोज शर्मा पत्नी श्री देवदत्त शर्मा द्वारा पंजीकृत वसीयत के आधार पर भवन के अभिलेखों में अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना की गयी है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करा दें। अन्यथा भवन के अभिलेखों में आवंटी श्री ब्रहम स्वरूप पुत्र श्री चन्द्रभान शर्मा के स्थान पर आवेदक/आवेदिका श्रीमति सरोज शर्मा पत्नी श्री देवदत्त शर्मा का नाम दर्ज कर लिया जायेगा। तदोपरान्त कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सहायक प्रभारी सम्पत्ति**
**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण**

# बलूच विद्रोहियों के बढ़ते हमलों सहित अनेक समस्याओं से घिरा पाकिस्तान

**नित्य चक्रवर्ती**

प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में एक राजनीतिक बैठक में और बाद में सैन्य प्रमुखों के साथ कई बैठकों में अपनी टिप्पणियों के माध्यम से जवाबी कार्रवाई करने का अपना दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। आखिरकार वह जो कह रहे थे, उसके बाद पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर हमला करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं था। पाकिस्तान में नौ आतंकी शिविरों पर भारतीय सेना द्वारा मिसाइल हमलों के दो दिन बीत गये हैं, और इस बीच दोनों देशों की सेना ने एक दूसरे पर हमले किये। नई दिल्ली और इस्लामाबाद दोनों जगह एक जैसी तैयारियां देखने को मिल रही हैं, जो यह संकेत दे रही हैं कि पाकिस्तान 1999 में कारगिल युद्ध के बाद भारत के साथ एक और सैन्य टकराव के लिए तैयार हो रहा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार रात को देशव्यापी संबोधन में भारत को चेतावनी दी कि वह अपने शहीदों के खून की एक-एक बूंद का बदला लेंगे। सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर और दो अन्य प्रमुखों को भारत के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने के लिए अधिकृत किया गया। पाकिस्तान में भी स्थिति कुछ ऐसी ही है, जैसा कि 22 अप्रैल को पहलगाम नरसंहार के बाद भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने स्थिति थी, जिसमें पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों ने 25 हिंदू पर्यटकों और एक स्थानीय मुस्लिम की बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दी थी। वहां राजनीतिक दलों समेत पूरा देश पाकिस्तान सरकार से भारत से बदला लेने का आह्वान कर रहा था।

प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में एक राजनीतिक बैठक में और बाद में सैन्य प्रमुखों के साथ कई बैठकों में अपनी टिप्पणियों के माध्यम से जवाबी कार्रवाई करने का अपना दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। आखिरकार वह जो कह रहे थे, उसके बाद पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर हमला करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं था। इसी तरह पाकिस्तान में भी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पर भारत के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने का जबरदस्त दबाव है। इमरान खान की पीटीआई समेत सभी राजनीतिक दलों ने उनका समर्थन किया है। सुरक्षा बल अब सैन्य कार्रवाई शुरू करने की तैयारी में हैं। लेकिन जवाबी कार्रवाई का स्वरूप क्या होगा, यह पाकिस्तान के लिए बड़ी दुविधा बनी हुई है। क्या पाकिस्तान आर्थिक संकट और बलूचिस्तान तथा खैबर पख्तूनख्वा के एक हिस्से में गंभीर संकट की मौजूदा स्थिति में भारत में पूरी तरह सैन्य कार्रवाई कर सकता है? भारतीय पक्ष लगातार कहता रहा है कि भारतीय वायुसेना ने उन नौ ठिकानों पर हमले किए, जहां समय-समय पर भारत पर हमले करने वाले आतंकवादी डेरा जमाये रहते हैं। इसका उद्देश्य केवल इन आतंकी शिविरों को नष्ट करना था। भारतीय वायुसेना ने किसी सैन्य स्थल पर हमला नहीं किया। पाकिस्तान इस बात से शायद ही इनकार कर सकता है। वैश्विक स्तर पर यह आम धारणा है कि पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देता है, जिनमें से कई समय-समय पर भारत के खिलाफ काम करते हैं। पाकिस्तान यह दावा नहीं कर सकता कि भारत में आतंकी शिविर हैं, जहां वह हमला कर सकता है। इसलिए पाकिस्तान को अगर जवाबी कार्रवाई करनी है, तो उसे भारत में केवल सैन्य या नागरिक स्थलों पर ही हमला करना होगा। सीमावर्ती क्षेत्रों में गोलाबारी में वृद्धि से पाकिस्तानी लोगों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। वे भारत को भारी नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। पिछले दो दिनों में ही विद्रोही बलूच सेना ने पाक सैनिकों पर जवाबी हमला किया और 14 सैनिकों को मार गिराया। पाक सेना को बलूच क्षेत्र में और अफगान सीमा पर भी पर्याप्त सैनिक तैनात करने होंगे, जहां टीटीटीपी सैनिक सक्रिय हैं। काबुल में तालिबान सरकार पाकिस्तान के साथ अच्छे संबंध नहीं रखती। बल्कि हाल के दिनों में नई दिल्ली के साथ काबुल के संबंध काफी बेहतर हुए हैं। पाकिस्तान उम्मीद कर सकता है कि चीन भारत के साथ सीमा पर नई दिल्ली को शर्मिंदा करने के लिए कुछ तलवारें लहरायेगा। लेकिन ऐसा नहीं हो सकता है, जैसा कि चीनी विदेश नीति के मौजूदा रुझान बताते हैं। चीन संयुक्त राष्ट्र में और बयानों के माध्यम से पाकिस्तान को कुछ सहायता दे सकता है, लेकिन चीन, भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी बड़े पैमाने पर टकराव में सीधे रूप से शामिल नहीं होना चाहेगा। भारत के अनुसार, उसने अपनी सीमित कार्रवाई की है। जब तक पाकिस्तान बड़ी सैन्य कार्रवाई करके जवाबी कार्रवाई नहीं करता, तब तक यह आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए पूरी जिम्मेदारी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पर है। उन्हें तय करना है कि वे पाकिस्तान में धार्मिक भावनाओं से ओतप्रोत अति राष्ट्रवाद के दबाव के आगे झुकेंगे या पाकिस्तान के भविष्य को ध्यान में रखते हुए जवाबी कार्रवाई का रास्ता छोड़कर बातचीत का रास्ता अपनायेंगे।



गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)। महाराणा प्रताप जयंती पर तहसील बार एसोसिएशन द्वारा बार सभागार में पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष लोमेश भाटी और सचिव संजय यादव, ठाकुर कमल सिंह एडवोकेट, वीरेंद्र सिंह एडवोकेट, पुष्कर सिंह एडवोकेट आदि अधिवक्ता शामिल हुए।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन संख्या-एन-528, सै0-23, संजयनगर का आवंटन शम्भू दयाल पुत्र श्री दया शंकर को हुआ है। आवंटी द्वारा श्रीमती संगीता मित्तल पत्नी श्री गौतम दास मित्तल को मु०आम नियुक्त किया गया है। मु०आम द्वारा मूल आवंटी के पक्ष में रजिस्ट्री दिनांक 04.10.2002 निष्पादित कराया गया है। तत्पश्चात मु०आम श्रीमती संगीता मित्तल द्वारा श्रीमती विजय देवी पत्नी श्री जयकिशन को दिनांक 08.10.2024 को विक्रय कर दिया गया। अब वर्तमान क्रेता द्वारा नियमानुसार शपथ पत्र, रजिस्ट्री की प्रति एवं पहचान पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करतें हुए नामदर्ज हेतु अनुरोध किया गया है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करा दें। अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण के अभिलेखों में मूल आवंटी के स्थान पर वर्तमान क्रेता का नाम दर्ज कर लिया जायेगा।

**सहायक प्रभारी सम्पत्ति जोन-03**
**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण**

**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद**
विकास पथ गाजियाबाद

**सार्वजनिक नोटिस**

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक/आवेदकों ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 में उल्लिखित सम्पत्ति, जो प्राधिकरण की आवासीय योजना के अन्तर्गत स्थित है, का अंतरण/नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है:-

| क्र0 सं0 | आवंटी/पट्टेदार का नाम | भूखण्ड सं0/ योजना का नाम | आवेदक का नाम | आवेदक का पता एवं दूरभाष संख्या | नामान्तरण का आधार | पट्टाधृत/पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | श्री अनंत राम सिंह पुत्र स्व. श्री जोखू राम सिंह | ए-86, सै.-09, विजयनगर | श्री रमेश कुमार सिंह पुत्र श्री अनंत राम सिंह | ए-86, सै.-09, विजयनगर, गाजियाबाद 9891003553 | आवंटी श्री अनंत राम सिंह का स्वर्गवास दिनांक 14.10.2024 को होने के कारण | फ्री-होल्ड |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भूखण्ड के अन्तरण/नामान्तरण के विरूद्ध कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्तियां सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत कर सकते हैं, अन्यथा स्तम्भ-4 में अंकित व्यक्ति के नाम से सम्पत्ति का अन्तरण/नामान्तरण प्राधिकरण के अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा और कोई पश्चातवर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नहीं किया जायेगा।

**सहायक प्रभारी सम्पति, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण**

### महाराणा प्रताप जयंती पर उनकी देशभक्ति, शौर्य, साहस और मातृभूमि के प्रति निष्ठा को नमन

# परमार्थ निकेतन में विशेष यज्ञ कर अर्पित की श्रद्धांजलि





**हिन्द आत्मा संवाददाता**

**ऋषिकेश।** वीरता, राष्ट्रभक्ति और मातृभूमि के प्रति निष्ठा के अमर प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती पर परमार्थ निकेतन में एक विशेष यज्ञ कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। महाराणा प्रताप की जयंती पर स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप जैसे योद्धा विरले ही होते हैं। वे वास्तव में मातृभूमि के सच्चे भक्त थे। उन्होंने अपने आत्मसम्मान, धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिये हर कठिनाई को झेला। आज जब भारत की सेनाएं आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्यवाही कर रही हैं, यह उसी राष्ट्रधर्म की पुनर्पुष्टि है, जिसके लिए महाराणा प्रताप ने जीवन भर संघर्ष किया था। महाराणा प्रताप के जन्मदिवस पर जो श्रद्धांजलि हमारे जाबांज सैनिकों ने महाराणा प्रताप को दी है वह अद्भुत है। आपरेशन सिंदूर जैसा निर्णायक कदम उस स्वाभिमान की परंपरा को आधुनिक रूप में आगे बढ़ा रहा हैं, जिसे महाराणा प्रताप ने अपने जीवन में जिया। आज जब हमारी सेनाएं देश की सीमाओं की रक्षा के लिए अदम्य साहस और संकल्प के साथ खड़ी हैं, तो वह वास्तव में मेवाड़ के उस महान योद्धा को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित हैं। स्वामी जी ने कहा कि यह एक संयोग नहीं, संकल्प है कि महाराणा प्रताप की जयंती पर भारत की सेना उनकी परंपरा को अपने शौर्य से पुनः जीवंत कर रही है। महाराणा प्रताप का तेज और तप, आज हमारे सैनिकों की आंखों में झलकता है, उनके हर कदम में दिखता है। यह भारत का नया आत्मविश्वास है, जो कहता है हम न झुकेंगे, न रुकेंगे। हम महाराणा प्रताप की संतान हैं। यह केवल इतिहास का सम्मान नहीं, बल्कि उस परंपरा को जीने का संकल्प है।

यह भारत का प्रण है, जहां महाराणा प्रताप की जयंती केवल उत्सव नहीं, प्रेरणा का आह्वान है, और हमारी सेनाएं उसका उत्तर हैं। आज भारत की तीनों सेनाएं और हमारी सरकार जिस प्रकार से देश की अस्मिता की रक्षा के लिए सशक्त कदम उठा रही हैं, वह हमारे इतिहास की पुनरावृत्ति है। यह केवल एक जवाब या बदला नहीं, बल्कि एक युगांतरकारी परिवर्तन की शुरूआत है। भारत अब केवल सहने वाला नहीं, बल्कि निर्णायक भूमिका निभाने वाला राष्ट्र बन चुका है। यह समय है जब विश्व भारत की शक्ति, संकल्प और आत्मबल को नई दृष्टि से देख रहा है। यह कार्यवाही हमारे नए भारत की, आत्मनिर्भर और आत्मसंपन्न भारत की सशक्त पहचान है। हम सभी को संकल्प लेना होगा कि हम अपने कर्म, सेवा और समर्पण से राष्ट्र को सशक्त बनाएंगे और किसी भी भ्रम व बहकाव से उपर उठकर राष्ट्र प्रथम की भावना से अपने राष्ट्र के साथ खड़े रहेंगे।

## मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन एवं भारतीय प्राकृतिक खेती के संबंध में बैठक आहूत

**हिन्द आत्मा संवाददाता**



**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में इन सीटू, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन एवं भारतीय प्राकृतिक खेती के विषय में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में बैठक आयोजित की गयी। इन सीटू योजनान्तर्गत 56 कृषि यन्त्रों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसका विकास खण्डवार समिति द्वारा लिये गए निर्णय के अनुसार लक्ष्य ऑवटित किये गए।इन-सीटू योजना में 16 सुपर सीडर के साथ-साथ 14 प्रकार के कृषि यन्त्रों का विकास खण्डवार ऑवटन किया गया। इसी तरह एस०एम०ए०एम० योजना में 161 कृषि यन्त्र वितरण के लक्ष्य प्राप्त हुए थे, जिसका विकास खण्डवार ऑवटन किया गया। यन्त्रों में 12 रोटावेटर, 05 लेजर लेण्ड लेवलर, 04 कम्बाइन हार्वेस्टर, 04 कस्टम हायरिंग सेन्टर के साथ-साथ कुल 24 प्रकार के कृषि यन्त्रों के लक्ष्य निर्धारित किये गए। नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना वर्ष 2025-26 के अनुमोदन पर विस्तृत चर्चा की गयी। जिसमें कृषि सखी, फार्मर मास्टर ट्रेनर, बी०आर०सी० (बायो इनपुट रिसोर्स सेन्टर) एवं लोकल नेचुरल फार्मिंग इन्सटीयूट के चयन किया गया, जिसके उपरान्त बैठक में उपस्थित सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा योजना का अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में प्राकृतिक खेती से सम्बन्धित जिला स्तरीय निगरानी समिति एवं कृषि यन्त्रीकरण में जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति के सदस्य उप कृषि निदेशक, जिला उद्यान अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, के०वी०के० प्रभारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र के साथ-साथ अन्य सदस्य भी उपस्थित रहें।

## गाजियाबाद अधिवक्ता बार एसोसिएशन चुनाव 2025 : राजीव कुमार बग्गा अध्यक्ष पद पर विजयी



**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** गाजियाबाद अधिवक्ता बार एसोसिएशन के चुनाव शुक्रवार 8 मई को राजनगर स्थित एडीआर होटल में संपन्न हुए। इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवारों के बीच कांटे का मुकाबला देखने को मिला। अत्यंत रोमांचक और कड़े संघर्ष के बाद राजीव कुमार बग्गा मात्र दो वोटों के अंतर से अध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किए गए। चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष रही, जिसमें बार एसोसिएशन के सभी पंजीकृत अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मतगणना के उपरांत राजीव कुमार बग्गा को विजेता घोषित किया गया, जिन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को बेहद कम अंतर से पराजित किया। विजय की घोषणा के पश्चात राजीव कुमार बग्गा ने सभी अधिवक्ता साथियों, मतदाताओं और चुनाव प्रक्रिया में सहयोग करने वाले सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जीत मेरी व्यक्तिगत नहीं, बल्कि पूरे अधिवक्ता समुदाय की एकजुटता और विश्वास की जीत है। मैं अपने सभी साथियों का धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। मैं वचन देता हूँ कि बार एसोसिएशन के कल्याण, अधिवक्ताओं के हितों, और न्याय व्यवस्था को मजबूत करने के लिए मैं पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करूँगा। श्री बग्गा ने आगे कहा कि उनकी प्राथमिकता बार एसोसिएशन के सदस्यों के लिए बेहतर सुविधाएँ, प्रशिक्षण कार्यक्रम, और सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए कार्य करना होगा। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से एकजुट होकर बार एसोसिएशन को और सशक्त बनाने का आह्वान किया। गाजियाबाद अधिवक्ता बार एसोसिएशन के इस चुनाव में भारी संख्या में अधिवक्ताओं की भागीदारी ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति उनके उत्साह को दशार्या। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव कुमार बग्गा के नेतृत्व में बार एसोसिएशन के उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद जताई जा रही है।

## युवाओं ने मनाई महाराणा प्रताप जयंती



**हिन्द आत्मा संवाददाता**

**मुरादनगर।** राधेश्याम कालोनी में गौरक्षक गुलशन राजपूत के नेतृत्व में महाराणा प्रताप जी की जयंती मनाई। उसके बाद माल्यार्पण व प्रसाद वितरण किया। गुलशन राजपूत ने कहा उन्हें विशेष रूप से पूरे भारतवर्ष में शौर्य, साहस और देशभक्ति के प्रतीक के रूप में पूजा जाता है। मुगल साम्राज्य के विस्तार के विरुद्ध उनके प्रबल प्रतिरोध ने उन्हें भारतीय इतिहास में अमर बना दिया है। हल्दीघाटी के युद्ध में अकबर की विशाल सेना का सामना करते हुए उन्होंने जो वीरता दिखाई, वह आज भी राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान की प्रेरणा देती है। यह जयंती न केवल उनके जन्म का उत्सव है, बल्कि उनके आदर्शों, विरासत और भारत की सांस्कृतिक धरोहर में दिए गए अमूल्य योगदान का सम्मान भी है। इस मौके पर गुलशन राजपूत, विकास राणा, पीयूष कौशिक, हिमांशु शिशोदिया, अभिषेक शर्मा, यश शर्मा, दीपक हिंदू, कृष, अनुभव शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## आखिर पाक ने यह दुनिया को जता ही दिया कि वह आतंकवाद को पालता है: अजय गुप्ता

**हिनद आत्मा संवाददाता**



**गाजियाबाद।** उद्योग व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी अजय गुप्ता ने कहा कि आखिर पाकिस्तान ने दुनिया को यह जता ही दिया, वह आतंकवाद को पालते हैं, जिस तरह पहलगाम में निर्दोष पर्यटको की धर्म पूछ कर मारा गया। जिसका बदला भारतीय जवानों ने आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट करके, मालियामेट कर दिया पर किसी भी नागरिक को या पाकिस्तान की सैन्य शक्ति को नुकसान नहीं पहुंचाया और देखा गया।

आतंकियों को पाकिस्तानी झंडे में लपेटकर श्रद्धांजलि दी गई। जिससे साफ पता चलता है, पाकिस्तान आतंकवाद का दुश्मन नहीं दोस्त है और पाकिस्तान ने बौखलाहट में आकर भारत के सैनिको और नागरिकों पर अटैक किया और खुद उसने अपने पैरों में कुल्हाड़ी मारी। भारतीय सेना ने उनके मंसूबो पर पानी फेर कर, जवाबी कार्यवाही करके पाकिस्तान में हाहाकार मचा दिया। पाकिस्तानियों द्वारा भारत की सैन्य शक्तियों और नागरिकों पर कायरता पूर्ण हमला करके विश्व में अलग थलग पड़ गया और पूरे विश्व को दिखा दिया कि वह आतंकवाद का जन्मदाता है पर भारत के वीर जवानों ने पाकिस्तान में घुसकर उनके हर मिशन को फेल करके तबाही फैला दी। हमें फक्र है अपने देश के जवानों पर, सैनिकों पर, परिणाम स्वरूप पाकिस्तान को उसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा, क्योंकि हिंद की सेना का जोश हाई है, उसको कोई झुका नहीं सकता। भारत देश के नागरिकों से अपील है कि अफवाहों पर ध्यान ना दें और संयम बरतें, सरकार द्वारा दी गई गाइडलाइन पर अमल करें।

# एसएसडी जैन पब्लिक स्कूल में मदर्स डे का आयोजन

**हिन्द आत्मा संवाददाता**





**गाजियाबाद।** एसएसडी जैन पब्लिक स्कूल में 8 मई को मदर्स डे के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्रीमती लता चंद्रा ने सवर्प्रथम ममतामयी माँ के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि 'माँ' शब्द का उद्बोधन ही अपने आप में असीम ममता समेटे हुए है। ईश्वर ने माँ और संतान के इस अनोखे रिश्ते की रचना की है। दोनों ही इस रिश्ते के बिना अधूरे हैं। विद्यालय में इस अवसर पर माताओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जैसे मेहंदी प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, कुकिंग विदाउट फायर, विभिन्न गेम्स जैसे टंग टिवस्टर, फेस मेकिंग रेस आफ मदर चाइल्ड। बच्चो ने मनमोहक डांस परफॉर्मेंस करके शशी सभी का स्वागत किया तथा कविताओं के माध्यम से अपनी भावनाएँ प्रस्तुत की इस अवसर पर कार्यक्रम में पूर्व माँ की आरती एवं बच्चों द्वारा अपनी माताओं के लिये अपने हाथों में काट को भेंट देकर अपने माताओं के प्रति अपने प्यार, ममता, स्किन एह को प्रकट कर इस रिश्ते को और मजबूत किया।माताएं इस प्रेम से गदगद हो उठी।इस अवसर पर बच्चों और माताओं ने भरपूर आनंद लिया।

प्रतियोगिता के लिए निर्णायक मंडल में श्रीमती लता चंद्रा, श्रीमती परीना जैन और श्रीमती रचना जिंदल थी सभी माताओं ने बड़े उत्साह से प्रतियोगिता में भाग लिया। सभी माताओं ने बड़े उत्साह से प्रतियोगिता में भाग लिया उन्हें अहसास हुआ कि उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभा आज इस प्रतियोगिता के माध्यम से उजागर हुई है। मेंहदी प्रतियोगिता में मैं श्रीमती रीना, कुकिंग विदाउट फायर मैं श्रीमती अंजलि नृत्य में पायल जैन, खेल प्रतियोगिता में खुशी श्रीमती अंजलि श्रीमती खुशी ने अव्वल स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या तथा निर्णायक मंडल ने उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया एक बच्चे की माँ ने कहा की आपने इस तरह का आयोजन किया हमें बहुत अच्छा लगा यह दिन हमारे लिए यादगार रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव अजय जैन ने कहा कि जीवन में माँ का दर्जा सर्वोपरि है। माँ खुद गीले बिस्तर पर स्वयं सोती है और अपने बच्चे को सूखे में सुलाती है। पूरा पूरा दिन काम करके अपने बच्चे को हर सुविधा देती है। ह्लसारे गम खुद के लिये एवं सारी खुशियों बच्चों के लिएह्व यही भाव उसके जीवन पर्यन्त रहते हैं। जीवन में माँ से ऊपर किसी का दर्जा नहीं यहाँ तक कि भगवान का दर्जा भी माँ के उपरांत आता है।विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती लता चन्द्रा ने आए हुए सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया और कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।

## भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच गाजियाबाद में भी हाई अलर्ट

**गाजियाबाद।** भारत ने पहलगाम हमले का बदला पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके लिया। इसके बाद से भारत और पाक के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। इन हालातों के मद्देनजर गाजियाबाद में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। गाजियाबाद में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। हिंडन एयरपोर्ट के बाहर पहले के मुकाबले दोगुना सुरक्षा व्यवस्था कर दी गई है। गाजियाबाद रेलवे स्टेशन समेत गई जगहों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार और बुधवार क दरम्यानी रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ढांचों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए थे। पहलगाम आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारत ने आतंकियों को मिट्टी में मिला दिया है। जानकारी के मुताबिक, भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक की। भारतीय सशस्त्र बलों इस ऑपरेशन को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया।

## हमारी सेना का शौर्य, देश की रक्षा और गौरव का प्रतीक है: डॉ. नीलम शर्मा

**हिन्द आत्मा संवाददाता**



**गाजियाबाद।** समाज सेविका उजाला समिति की अध्यक्ष डॉ. नीलम शर्मा ने कहा कि पाकिस्तान के इशारे पर आतंकियों ने पहलगाम में धर्म पूछकर हमारे 22 हिंदू भाईयो की हत्या कर दी थी। भारतीय वायु सेना की पाक पर स्ट्राइक आपरेशन सिंदूर पर आतंकी हमले में भारत के जाबांजों ने पाकिस्तान के नौ ठिकाने तबाह करके इंसानियत का पाठ पढ़ा दिया। ऑपरेशन सिंदूर के तहत एयर स्ट्राइक करके पाकिस्तान को सबक सिखाया और उसके घर में घुसकर मारा है। जितने लोगों ने जान गंवायी थी आज उनके परिवार वालों को कुछ तसल्ली हुई होगी। हमारे देश के जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम के पीड़ितो को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। समाज सेविका डॉ. नीलम शर्मा और उनकी पूरी टीम सभी भारतीय सेनानियो के साहस और वीरता को सलाम करती है।

## नगर में महाराणा प्रताप जयंती को क्षत्रिय समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया







**हिन्द आत्मा संवाददाता**

**मोदीनगर।** नगर स्थित सूर्या फार्म हाउस एवं देवेंद्र पुरी नई कॉलोनी स्थित महाराणा प्रताप भवन में महाराणा प्रताप जयंती को क्षत्रिय समाज के द्वारा धूमधाम एवं हरसोला से मनाया गया।जिसमे छतरिया समाज से जुड़े सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। शुक्रवार को नगर में महाराणा प्रताप जयंती अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान क्षत्रिय समाज से जुड़े लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए महाराणा प्रताप के शौर्य और वीरताओं की गाथा को युवा पीढ़ी के समक्ष रखते हुए युवाओं को उनके पद चिन्हों पर आगे बढ़ते के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे महाराणा प्रताप जयंती की शुभकामनाएं देते हुए उनके बताए रास्ते का अनुसरण करने की बात कहीं। इस मौके पर मौजूद रहे क्षत्रिय समाज के मुख्य लोगों में अरुण तोमर, खुशाल सिंह नेगी पूर्व सैनिक, मुकेश चौहान, सोनू ठाकुर, बलदेव सिंह, जितेंद्र छोकर, समय सिंह सिसोदिया, टिंकू ठाकुर, मनोज चौहान, देवेंद्र सिसोदिया, कालू राघव, रविकांत, भव्य सिसोदिया, अजय चौहान, रवि सूर्यवंशी, आशीष ठाकुर, सतवीर सिंह, रघुवीर सिंह, रवि राघव, एस.एम.सिंह राठौड़, मेहताब चौहान, मोहन पुंडीर, बाबूराम सिंह, सुशील सोम, रूप सिंह आदि राजपूत समाज के सम्मानित व्यक्ति मौजूद रहे।

## संजीव अरोड़ा राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष नियुक्त



**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** अंबेडकर रोड स्थित राष्ट्रीय महासचिव खेल प्रकोष्ठ विजय कौशिक के कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ एवं पूर्व मंत्री चौधरी निरपाल सिंह द्वारा खेल प्रकोष्ठ के गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष पद के लिए संजीव अरोड़ा की नियुक्ति की गई। चौधरी निरपाल सिंह ने बताया कि संजीव अरोड़ा समाजसेवी और व्यापारी हैं और विभिन्न खेलों से उनका संबंध रहा है जिसमें उन्होंने समय-समय पर भाग लिया है। खेलों के लिए संजीव अरोड़ा हमेशा आगे बढ़कर किसी न किसी रूप में योगदान करते हैं। राष्ट्रीय महासचिव विजय कौशिक ने भी संजीव अरोड़ा को महानगर अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। इस अवसर पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह टीटू, प्रदेश महासचिव रविंदर चौहान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ जगराज बालियान, जिला सचिव दिनेश शर्मा आदि उपस्थित रहे। यह नियुक्ति खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दीपक तोमर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्र मंत्री जयंत चौधरी के निर्देश पर व खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी निरपाल सिंह की सहमति से की गई। जिससे रालोद में हर्ष का माहौल है।

## सीएम योगी से मुलाकात कर वर्ल्ड बैंक के प्रेसिडेंट अजय बंगा हुए गदगद, राजधानी लखनऊ में हुए भव्य स्वागत से हुए अभिभूत

# योगी आदित्यनाथ में है विजन, दृढ़ता और ऊर्जा: अजय बंगा

**लखनऊ।** वर्ल्ड बैंक प्रेसिडेंट अजय बंगा शुक्रवार को अपनी टीम के साथ राजधानी लखनऊ पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान बंगा ने राज्य में हो रहे विकास कार्यों और मुख्यमंत्री के नेतृत्व की जमकर सराहना की। लखनऊ में मिले गर्मजोशी भरे स्वागत से अभिभूत बंगा ने कहा कि ऐसा लग रहा है मानो मैं अपने घर वापस आ गया हूं। यूपी में मेरा ससुराल है और 12 साल बाद यहां आकर मैं हर क्षेत्र में बदलाव देख रहा हूं। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ में विजन, दृढ़ता और ऊर्जा है। अजय बंगा ने जोर देकर कहा कि उत्तर प्रदेश का विकास भारत को वैश्विक मंच पर एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि विकसित यूपी ही विकसित



भारत का आधार बनेगा। बंगा ने प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में हुए अभूतपूर्व सुधारों, मजबूत कानून व्यवस्था और सुदृढ़ कनेक्टिविटी की प्रशंसा की। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन, ऊर्जा और दृढ़ संकल्प को सराहते हुए कहा कि उनकी नीतियों ने यूपी की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। विश्व बैंक अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था के क्षेत्र में आए सकारात्मक बदलावों पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि मजबूत कानून व्यवस्था और बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर ने यूपी को निवेश और विकास के लिए एक



आदर्श स्थान बनाया है। विश्व बैंक अध्यक्ष ने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में उत्तर प्रदेश की क्षमता को असाधारण बताया। उन्होंने कहा कि माइक्रो, स्मॉल, और मीडियम एंटरप्राइजेज (एमएसएमई) में यूपी एक बड़ा है। बंगा ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए योगी सरकार द्वारा बनाए गए अनुकूल माहौल की सराहना की और कहा कि यह निवेशकों के लिए राज्य को आकर्षक बनाता है। अजय बंगा ने योगी आदित्यनाथ सरकार के विभिन्न प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने स्किल डेवलपमेंट पर सरकार के फोकस को युवाओं के लिए गेम-चेंजर बताया। बंगा ने रेडिमेड मील फॉर मदर योजना की तारीफ की, जिसे उन्होंने मातृ स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में एक अनुकरणीय कदम बताया। इसके अलावा, उन्होंने हेल्थकेयर और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में हुए सुधारों को भी सराहा। बंगा ने कहा कि योगी आदित्यनाथ बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। उनके पास स्पष्ट विजन और इसे लागू करने का दृढ़ संकल्प है। अजय बंगा के साथ वर्ल्ड बैंक के उपाध्यक्ष आगस्ते तानो कौमे, कंट्री डायरेक्टर (इंडिया) जॉन और मार्क मौजूद रहे। वहीं सरकार की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी का यूपी में स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्रदेव सिंह, बलदेव सिंह औलख, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

### छोटे किसान यूपी का असली सोना हैं

विश्व बैंक अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश के छोटे किसानों को राज्य की सबसे बड़ी ताकत करार दिया। उन्होंने कहा कि छोटे किसान ही उत्तर प्रदेश का सोना हैं। उन्होंने यह भी कहा कि किसान जमीन बेचकर अमीर नहीं बन सकते, उन्हें उन्नत खेती के लिए प्रोत्साहित करना होगा। उन्नत खेती के जरिए ही वे समृद्धि हासिल कर सकते हैं। बंगा ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और नवाचारों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यूपी के कृषि क्षेत्र में हो रही प्रगति की सराहना की और इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताया।

### यूपी में पर्यटन क्षेत्र में हैं असीम संभावनाएं

बंगा ने उत्तर प्रदेश में पर्यटन की असीम संभावनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि यहां धार्मिक, सांस्कृतिक और ईको-टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं, जो इसे वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक प्रमुख स्थान दिला सकती हैं। बंगा ने यूपी के खानपान और स्थानीय शिल्प की वैश्विक मांग की तारीफ की। उन्होंने कहा कि यूपी का खानपान और हस्तशिल्प न केवल भारत में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी लोकप्रिय हैं। इनके माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्था को और मजबूत किया जा सकता है।

# हिण्डन पुर्नद्धार हेतु बैठक आहूत, पी०पी०टी० के माध्यम से हिण्डन पुर्नद्धार हेतु उनके कार्य एवं दायित्वों को बताया

**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन, गाजियाबाद में जिलाधिकारी गाजियाबाद की अध्यक्षता में हिण्डन पुर्नद्धार हेतु बैठक आहूत की गई। बैठक को प्रारम्भ करते हुये सर्वप्रथम मुख्य विकास अधिकारी, गाजियबाद द्वारा बैठक में प्रतिभाग करने वाले सभी विभागों को पी०पी०टी० के माध्यम से हिण्डन पुर्नद्धार हेतु उनके कार्य एवं दायित्वों को बताया गया, तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा जलकल विभाग (शहरी) द्वारा बनाये गये एस०टी०पी० एवं नालों के नक्शों को देखते हुये विभागों को निर्देशित किया गया कि नालों की मैपिंग को ऑनलाइन बनाना शुरू करें ताकि उनकी लेयरिंग करते समय प्रत्येक डाटा एक जगह पर एकत्रित हो सके इसके लिए एक बेसिक नेटवर्क तैयार किया जाये जिसमे प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गाजियाबाद, नगर निगम, गाजियाबाद, सिंचाई विभाग,



जी०डी०ए०, समस्त नगर निकाय, अपने डेटा के लेयरिंग को तय कर सके। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देशित किया गया 10 दिनों के अन्दर औद्योगिक इकाइयों के ई०टी०पी० की समस्त जानकारी उपलब्ध करायी जाना सुनिश्चित करे। हिण्डन बेसिन में अतिक्रमण को लेकर सम्बन्धित उप जिलाधिकारी व तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि हिण्डन के ऊपर अतिक्रमण की सूची तैयार की जाये और उसे प्रत्येक तीन माह में अपडेट किया जाये साथ ही किस जगह कितनी नदी दर्ज है उसकी एक सूची एवं नक्शा सिंचाई विभाग के साथ मिलकर तैयार करे। साथ ही उप जिलाधिकारी, सदर, उप जिलाधिकारी, मोदीनगर को निर्देशित किया गया कि 10 दिनों के अन्दर हिण्डन नदी के बेसिन में जिन जगह पर अतिक्रमण है एवं जिन पर अतिक्रमण नही है ऐसे क्षेत्रों को चिन्हिंत करे ताकि विभागों एवं पर्यावरण विदों की टीम द्वारा उस पर सर्वे कर उन पर वृक्षारोपण किया जा सके। सिंचाई विभाग को निर्देशित किया गया कि हिण्डन में तैर रहे जलकुम्भी एवं अन्य अपशिष्ट को निकालने हेतु कोई प्लान तैयार करे। मुख्य अभियन्ता नगर निगम द्वारा जिलाधिकारी, महोदय के समक्ष छठ घाट पर रिवर फ्रंट डवलपमेन्ट हेतु प्रस्ताव रखा गया जिसे महोदय द्वारा सिंचाई विभाग व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को मानको के अनुरूप रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा गया, ताकि अग्रिम कार्यवाही हो सके। खण्ड विकास अधिकारी, मुरादनगर, लोनी एवं रजापुर को निर्देशित किया गया कि हिण्डन के किनारे स्थित ग्रामों में नालों को चिन्हित करे एवं सुनिश्चित करे कि किसी तरीके का अपशिष्ट हिण्डन नदी मे न जाये। जल संरक्षण को लेकर महोदय द्वारा कहा गया कि स्कूलों में भी जल संरक्षण हेतु कार्यकम कराना सुनिश्चित किया जाये। अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

# सीएम धामी ने सभी अधिकारियों को चौकस रखने के निर्देश दिए

हिन्द आत्मा संवाददाता

**देहरादून।** शुक्रवार को देहरादून स्थित उत्तराखंड सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारत द्वारा आतंकवाद के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्रवाई के दृष्टिगत राज्य के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को प्रत्येक परिस्थिति के लिए पूरी तरह से तैयार रहने एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के साथ ही वहां तैनात प्रशासनिक इकाइयों को चौकस रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को प्रदेश के सभी अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में जीवन रक्षक दवाइयां, सर्जिकल उपकरण और अन्य आवश्यक चिकित्सा संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं। वही मुख्यमंत्री ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को राज्य में आवश्यक



खाद्य सामग्री, राशन और पीने के पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा राहत और बचाव दलों को भी तैयार रखा गया है ताकि आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कार्रवाई की जा सके। साथ ही उन्होने मुख्यमंत्री ने अफवाहों से बचने और जनता को सही समय पर जानकारी देने के लिए सूचना विभाग को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के लिए देवतुल्य जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है और सरकार किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। इस दौरान मुख्य सचिव आनंद बर्धन, डीजीपी दीपम सेठ, सचिव गृह शैलेश बगौली, एडीजी ए.पी अंशुमान उपस्थित थे।

# अयोध्या में संत रविदास मंदिर के सत्संग भवन का सीएम योगी करेंगे उद्घाटन

### एक दिवसीय दौरे पर शनिवार को अयोध्या पहुंचेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को अयोध्या दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह सवा करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित संत रविदास सत्संग भवन का उद्घाटन करेंगे। अयोध्या धाम के हनुमानकुंड स्थित संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर परिसर में बना यह भवन पर्यटन विभाग के सहयोग से यूपीपीसीएल द्वारा निर्मित किया गया है। इस आधुनिक सत्संग भवन में 400 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है, जो श्रद्धालुओं को सत्संग और धार्मिक आयोजनों के लिए एक सुविधाजनक स्थान प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री दोपहर दो बजे तक अयोध्या के राम कथा पार्क हेलीपैड पर पहुंचेंगे। सबसे पहले वह हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन करेंगे और इसके बाद श्री रामलला के दर्शन के लिए राम जन्मभूमि मंदिर जाएंगे। इसके पश्चात वह संत रविदास मंदिर पहुंचकर गुरु रविदास जी की पूजा-अर्चना करेंगे। इस दौरान वह गुरु रविदास और डॉ. बी.आर. अंबेडकर की मूर्तियों पर माल्यार्पण करेंगे। उद्घाटन समारोह के बाद मुख्यमंत्री मंच से भक्तों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के समापन पर सभी के लिए प्रसाद की व्यवस्था भी की गई है। मंदिर के महंत बनवारी पति उर्फ ब्रह्मचारी ने बताया कि यह भवन गुरु रविदास के अनुयायियों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। अयोध्या को वैश्विक धार्मिक और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए योगी सरकार द्वारा कई परियोजनाएं चल रही हैं। इस भवन के निर्माण से न केवल स्थानीय श्रद्धालुओं को लाभ होगा, बल्कि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को भी गुरु रविदास के जीवन और शिक्षाओं से परिचित होने का अवसर मिलेगा।

# अब 13 जिलों में ग्रामीणों को इलाज के लिए नहीं काटने होंगे शहर के चक्कर

### इन तेरह जिलों में नवनिर्मित 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को आधुनिक उपकरणों से किया जाएगा लैस

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार ने ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल की है। राज्य के 13 जिलों में नवनिर्मित 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इससे अब गांव के मरीजों को इलाज के लिए शहर की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। योगी सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीणों को उनकी ही तहसील और ब्लॉक स्तर पर बेहतर इलाज मुहैया कराया जाए। इस संबंध में शासन की ओर से महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को शीघ्र व्यवस्था सुचारु करने के लिए कहा गया है। योगी सरकार की यह पहल प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे न सिर्फ लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी, बल्कि समय और पैसे की भी बचत होगी। योगी सरकार की ओर से चयनित 13 जिलों में नए स्वास्थ्य केंद्रों



को आधुनिक मशीनों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की सुविधाएं दी जाएंगी। यह पहल स्वास्थ्य सुविधाओं के विकेंद्रीकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट कहा है कि स्वास्थ्य सेवाएं जनसामान्य की बुनियादी जरूरत हैं और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस योजना से पीलीभीत, रायबरेली, प्रयागराज, मीरजापुर, महराजगंज, मऊ, कानपुर देहात, प्रतापगढ़, हरदोई, चन्दौली, बलरामपुर, बरेली और मेरठ जिलों के लाखों ग्रामीण लाभान्वित होंगे। सरकार का लक्ष्य है कि इन सभी केंद्रों को जल्द से जल्द क्रियाशील कर प्रदेशभर में स्वास्थ्य सुविधाओं का स्तर सुधारा जाए।

# पुलिस अधिकारियों ने लिया कानून व्यवस्था का जायजा







**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** आलोक प्रियदर्शी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं कानून-व्यवस्था व सुरेन्द्र नाथ तिवारी, पुलिस उपायुक्त ग्रामीण जोन कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा मय पुलिस बल के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों/स्थानों की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था का जायजा लेने व आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से ग्रामीण जोन के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पैदल गश्त कर भ्रमण किया गया।उधर हिंडन पार मैं भी अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं कानून-व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी द्वारा पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल जोन कमिश्नरेट गाजियाबाद एवं पुलिस बल के साथ सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था का जायजा लेने व आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से ट्रांस हिंडन जोन के थाना टीलामोड़ क्षेत्र में भ्रमण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# नेपाल बॉर्डर से सटे जिलों में अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई जारी

### सीएम योगी के निर्देश पर चल रहा व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान, अवैध धार्मिक संस्थानों पर भी सख्ती

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नेपाल सीमा से सटे जिलों में अवैध कब्जों और बिना मान्यता संचालित धार्मिक संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई शुक्रवार को भी जारी रही। प्रदेश के पीलीभीत, श्रावस्ती, बलरामपुर, बहराइच, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज में प्रशासन द्वारा विशेष अभियान जारी है। अबतक महाराजगंज में 28 अवैध मदरसे मिले हैं, जबकि श्रावस्ती में सर्वाधिक 102 अवैध मदरसे मिले हैं, इन सभी पर प्रशासन का चाबुक चल चुका है। वहीं पीलीभीत में भी एक अवैध धार्मिक स्थल मिला है। इसी प्रकार बहराइच में 13 अवैध मदरसों में से 5 को सील किया जा चुका है, जबकि 8 हटा दिये गये हैं। श्रावस्ती के जिलाधिकारी के अनुसार जिले में शुक्रवार तक कुल 102 अवैध मदरसे चिह्नित किये गये हैं, जिनमें से सभी 102 को सील कर



दिया गयाा है। वहीं 1 धार्मिक स्थल को नोटिस दी गई है। इसी प्रकार सार्वजनिक भूमि पर बने 5 मजारों में से 4 पर कार्रवाई की गई है, जबकि एक का मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। इसी प्रकार सार्वजनिक भूमि पर मौजूद दो ईदगाह को भी हटा दिया गया है। महाराजगंज जिलाधिकारी के अनुसार जिले में शुक्रवार तक कुल 28 अवैध मदरसों पर कार्रवाई की गई है। वहीं एक अवैध धार्मिक स्थल को भी हटाया गया है। इसके साथ ही सार्वजनिक भूमि पर बने 5 मजारों को भी हटाने का कार्य किया है। इसके अलवा सार्वजनिक भूमि पर बने एक ईदगाह को भी चिह्नित किया गया है। वहीं प्रशासन की कार्रवाई को देखते हुए फरेंदा तहसील क्षेत्र में परती पर बने



अवैध धार्मिक स्थल के आंशिक भाग को कब्जेदार द्वारा स्वयं सहमति के आधार पर हटा लिया गया है।

बहराइच के जिलाधिकारी के अनुसार जिले में शुक्रवार तक कुल 24 अतिक्रमण के मामले सामने आ चुके हैं। इनमें सार्वजनिक भूमि पर मौजूद 13 अवैध मदरसों में से 13 को नोटिस देते हुए 5 को सील और 8 मदरसों को हटा दिया गया है। इसी प्रकार कुल आठ अवैध धार्मिक स्थलों में से सभी 8 को नोटिस देते हुए 2 को हटाने की कार्रवाई की गई है। वहीं कुल 2 मजारों में से सभी को नोटिस देते हुए 1 को हटा दिया गया। ऐसे ही एक ईदगाह को नोटिस दी गई है। पीलीभीत जिलाधिकारी के अनुसार जिले में अबतक कुल 1 अतिक्रमण सामने आया है, जिसे नोटिस दी गई है। बलरामपुर के जिलाधिकारी के अनुसार जिले में शुक्रवार तक कुल 28 अवैध मदरसों में से सभी 28 के खिलाफ विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की गई है। इनमें सभी को नोटिस देते हुए 22 को सील किया गया और 5 को हटा दिया गया है।

वहीं बचे हुए एक पर आगे कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार सार्वजनिक भूमि पर बने 10 अवैध मजारों में से 8 को हटा दिया गया, जबकि 2 को नोटिस देते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं 1 अवैध ईदगाह को भी हटा दिया गया है। सिद्धार्थनगर जिलाधिकारी के अनुसार नेपाल बॉर्डर से 10 किमी तक सीमा में सार्वजनिक भूमि पर अबतक कुल 22 अतिक्रमण पाए गये हैं। इनमें 4 धर्मस्थल, जबकि 18 मदरसे हैं। 9 मदरसों का अतिक्रमण हटा दिया गया है। वहीं 5 मदरसों को सील किया गया है।